जबलपुर
शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 223
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 11
न्यून. 7

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## नक्सल 'फ्री' हुआ बालाघाट
# आखिरी दो नक्सलियों ने भी हथियार डाल दिए

दोनों पर था कुल 43 लाख का इनाम


दीपक और रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

तीन दशकों तक जंगलों में दहशत फैलाने वाले माओवादी संगठन का बालाघाट जिले से पूर्ण सफाया हो गया है। गुरुवार को जिले में सक्रिय बचे हुए दो हार्डकोर माओवादी दीपक उर्फ सुधाकर उर्फ मंगल उइके और उसके साथी रोहित (एसीएम, दर्रेकसा एरिया कमेटी) ने कोरका स्थित सीआरपीएफ कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी आदित्य मिश्रा के मुताबिक इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद जिले में कोई हार्डकोर नक्सली नहीं रह गया है। वर्ष 1995 में संगठन से जुड़े दीपक उर्फ मंगल उइके ने लंबे समय तक मलाजखंड दलम के डिप्टी कमांडर और डीवीसीएम टैंक ग्रुप के सक्रिय माओवादी के रूप में काम किया।

### सीएम बोले- कांग्रेस ने नक्सलवाद को पनपने दिया, हमने खत्म किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर नक्सलवाद पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा सरकार ने इस समस्या को जड़ से खत्म कर दिया है। इंदौर में पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के शासनकाल में नक्सलवाद राज्य में एक बड़ी समस्या थी।

सीएम डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की व स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

# भाषा, भाषण और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे अटलजी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। गुरुवार से आंध्र प्रदेश में उनके जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है।

यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा। डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## कहा-अटलजी के बताए मार्ग पर आगे बढ़ रही है भाजपा सरकार



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, दूसरे चित्र में स्व. अटल जी को नमन करते हुए

### आंध्र प्रदेश-मप्र दो भाइयों के समान


डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायडू की दोस्ती पक्की है। नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं। वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। आंध्र प्रदेश में नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो भाइयों के समान हैं।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, 2 लाख के पार

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया।



इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब भारतीय बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गया है। जो अब तक के सर्वोच्च स्तरों में से एक है।

### पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

रीवा। यहां एक युवक ने अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर



अपलोड कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी वह फरार है। उसकी लोकेशन मुंबई में ट्रेस हुई है। साले का आरोप है कि दहेज के एक लाख रुपए नहीं मिलने का बदला लेने इस कृत्य को किया है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 54 पैसे गिरे

नई दिल्ली। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मार्च 2026 तक होने की खबरों के सामने आने




के बाद गुरुवार को अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 90.48 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.95 पर खुला। फिर गिर गया।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी

# मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 6 राज्यों के लिए बढ़ाई गई 'सर' की तारीख

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई गई



घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है।

चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत कुल छह राज्यों में हो रही एसआईआर की प्रक्रिया के लिए समय सीमा को और 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए इसकी तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया है। आयोग ने एसआईआर की तारीखों को लेकर एक आदेश भी जारी किया है।

चुनाव आयोग पहले ही केरल के लिए तारीख में बदलाव की घोषणा कर चुका है। विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है।

दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा

विपक्ष ने समय सीमा को लेकर उठाए थे सवाल


एसआईआर सर्वे करते बीएलओ

## तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ाई गई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी। तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना प्राथमिकता है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है। कोई भी योग्य वोटर पीछे न छूटे, इसे पक्का कराने के लिए नए वोटरों को फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को आएगी

चुनाव आयोग की तरफ से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार,बूथ स्तर के अधिकारियों की तरफ से घर-घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर, 2025 को समाप्त हो गई। मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा, जिसके बाद नागरिक 16 दिसंबर, 2025 और 15 जनवरी, 2026 के बीच दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा, साथ ही मतदान केंद्रों का युक्तिकरण भी उसी तिथि तक पूरा कर लिया जाएगा।

### राहुल को शाह ने दिया था करारा जवाब

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों को लेकर लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया था। उन्होंने इस दौरान कहा कि 5 नवंबर 2025 को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप को तंज कसते हुए परमाणु बम बताया था। शाह ने कहा था कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक परमाणु बम फोड़ा था। परमाणु बम के अंदर उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट पड़े। बाद में चुनाव आयोग ने साफ किया कि जिस हाउस 265 की बात राहुल गांधी कर रहे हैं, वह कोई छोटा मकान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि यह घर एक एकड़ का पुश्तैनी प्लॉट है, जिसमें अनेक परिवार एक साथ निवास कर रहे हैं। चूंकि हर परिवार के घर का अलग नंबर नहीं दिया गया है, इसलिए सभी जगह हाउस नंबर 501 एक ही है। उन्होंने यह भी बताया था कि एक परिवार की तो तीन पीढ़ियां साथ में थीं, जो एक ही नंबर पर दर्ज हैं।

## 10 हजार का अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर भी देगी

# अब इंडिगो एयरलाइन 5 से 10 हजार रु. तक का देगी मुआवजा

जिनकी यात्राएं बदली उनको ये मुआवजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसंबर को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने की वजह से यात्रियों को राहत देने की घोषणा की है।


कंपनी ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को सरकार के नियमों के अनुसार 5,000 रु. से 10,000 रु. तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही एयरलाइन ने सबसे ज्यादा प्रभावित यात्रियों के लिए 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर जारी करने की भी घोषणा की है। यह फैसला उन यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है, जिनकी यात्रा योजनाएं अचानक बदल गईं और जिन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

## कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

# मप्र हाई कोर्ट ने एडहॉक सेवा को माना पेंशनयोग्य

हजार से ज्यादा कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

कृत्रिम ब्रेक को सेवा व्यवधान नहीं माना जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय ने प्रदेश के हजार से अधिक कर्मचारियों की उम्मीदें जगाई हैं। अदालत ने साफ किया कि एडहॉक सेवा अवधि को भी पेंशन और अन्य रिटायरमेंट लाभों में शामिल किया जाएगा। यह फैसला प्रो. अरुण प्रकाश बुखारिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। जस्टिस दीपक खोत की बेंच ने कहा कि तदर्थ यानी एडहॉक अवधि में दिखाए गए दो या तीन दिन के कृत्रिम ब्रेक को सेवा व्यवधान नहीं माना जा सकता।

## बिजली विभाग ने वी-मित्र लॉन्च किया

# बिजली चोरी की अब घर बैठे शिकायत करें, इनाम पाएं



शिकायत करने वाले की पहचान को उजागर नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने एक एप लॉन्च किया है। जहां से आप बिजली चोरी करने वालों की शिकायत कर सकते हैं और इनाम पा सकते हैं। इस एप का नाम वी-मित्र है। इस एप के जरिए आप उस व्यक्ति की चोरी कर सकते हैं, जो बिजली चोरी कर रहा है और इसके लिए आपको इनाम भी दिया जाएगा। सबसे खास बात कि इसमें शिकायत करने वाले की पहचान को उजागर नहीं किया जाएगा।

## आईएएस वर्मा की हाईकोर्ट पर विवादित टिप्पणी

# एससी-एसटी के बच्चों को जज बनने से रोका जा रहा




जानबूझकर नंबर दिए जाते हैं कम

भोपाल। ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी के बाद आईएएस अफसर और अजाक्स अध्यक्ष संतोष वर्मा ने अब सीधे हाईकोर्ट पर टिप्पणी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक सभा में बोलते हुए वर्मा ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के बच्चों को सिविल जज कोई और नहीं, बल्कि हाईकोर्ट नहीं बनने दे रहा है। यही हाईकोर्ट है, जिससे हम बाबा साहेब के संविधान के हिसाब से चलने की गारंटी मांगते हैं। आईएएस व अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा के इस बयान के बाद माहौल और गरमा गया है।

## कोर्ट बोला- यह दुर्लभ मामलों में से एक

# सास के कंगन तक लौटा दिए पत्नी ने नहीं मांगी एलिमनी



जज ने की तारीफ खत्म की शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को एक तलाक के मामले पर सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान आपसी सहमति से तलाक के एक मामले में कोर्ट ने महिला की जमकर तारीफ की। दरअसल, महिला ने तलाक लेते समय किसी भी तरह का गुजारा भत्ता या एलिमनी की मांग नहीं की। इसके अलावा पत्नी ने शादी के समय अपनी सास द्वारा गिफ्ट में दिए गए सोने के कंगन भी वापस कर दिए।

## सिहोरा में बीच सड़क युवक की हत्या

# पकड़ा-पटका और सिर से सटाकर दाग दी 3 गोलियां

मोटरसाइकिल पर भाग निकले दोनों हमलावर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिहोरा में गुरुवार दोपहर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर जा रहे युवक को दो बदमाशों ने रोका। वह भागा तो उसका पीछा किया। एक बदमाश ने उसे पकड़कर सड़क पर पटक दिया। दूसरे ने युवक से सिर से सटाकर तीन गोलियां चला दीं। वारदात का वीडियो भी सामने आया है। वारदात खितौला थाना इलाके में बारीबहु स्टेडियम के पास गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की है। हमलावर जिस मोटरसाइकिल पर आए थे, उसी पर बैठकर भाग निकले। (विस्तृत पेज 14 पर)

## झाबुआ और नरसिंहपुर में लोकायुक्त की कार्रवाई

अफसरों ने विभागीय कामों के लिए मांगी थी रिश्वत

# साढ़े 14 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया अकाउंटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिश्वतखोरी का झाबुआ जिले से मामला सामने आया है। जहां जनजतीय विभाग में पदस्थ लेखापाल


जाम सिंह अमलियार

के द्वारा 50 हजार की रिश्वत मांगी गई थी। फरियादी शांतिलाल ग्राम बाकिया पोस्ट झकनावदा तहसील पेटलावद जिला झाबुआ तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापाडा संकुल केंद्र बोलासा, विकासखंड पेटलावद जिला झाबुआ में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को योग्य अतिथि शिक्षकों नहीं की गई और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते हुए आयोग्य शिक्षकों को पदस्थ किया गया। इसके संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 30 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस का जवाब सहायक आयुक्त को जवाब दिया था। इसी मामले का निपटारा कराने की एवज में लेखपाल जाम सिंह अमलियार द्वारा आवेदक से 50,000 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी।

### कॉपरेटिव इंस्पेक्टर रिश्वत लेते पकड़ाया

दूसरे ममाले में सहकारिता निरीक्षक (कॉपरेटिव इंस्पेक्टर) को रिश्वत लेते हुए जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथों पकड़ा है। नरसिंहपुर में सहकारिता निरीक्षक संजय दुबे के खिलाफ 8 दिसंबर को लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।


संजय दुबे

## सर्दी अब बन रही मुसीबत : भोपाल में लगातार 6वें दिन शीतलहर, 5 जिलों में 3 से 5 डिग्री के बीच पारा

इंदौर में 10 साल में सबसे ठंडी रात का पारा 4.5 डिग्री, सीवियर कोल्ड वेव रही शहडोल के कल्याणपुर में 3.8 डिग्री

# भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर और शहडोल में शीतलहर, इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव

कल के बाद मामूली राहत के आसार, नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालय में होगा सक्रिय, लेकिन कमजोर होने से ज्यादा असर नहीं करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बर्फीली हवाओं असर से कड़ाके की सर्दी अब लोगों के लिए मुसीबत बनने लगी है। भोपाल में गुरुवार को लगातार 6वें दिन कोल्ड वेव रही, जबकि 5 जिले 3 से 5 डिग्री के बीच रहने से कुछ स्थानों पर रात में ओस जमने लगी है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीतलहर और इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव रही। शाम होते ही तेजी से बढ़ रही ठंडक का असर अभी दो से तीन दिन बने रहने की उम्मीद है।


विदिशा के गंजबासौदा में सुबह का मनमोहक दृश्य

### इन जिलों में सबसे ज्यादा सर्दी

कल्याणपुर (शहडोल) 3.8, इंदौर 4.5, पचमढ़ी (नर्मदापुरम) 4.8, राजगढ़ 5, गिरवर (शाजापुर) में पारा 5.2 डिग्री रहा है। इन जिलों में सबसे अधिक सर्दी महसूस की गई। भोपाल में दिन का पारा 26.6 डिग्री पर थमा रहा, जो नॉर्मल से 1.5 डिग्री कम है। रात में दशमलव दो डिग्री की कमी के साथ न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 5.6 डिग्री कम है। शुक्रवार को भी भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीतलहर का अलर्ट है।

डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके

### डेमोक्रेट सांसद ने राष्ट्रपति ट्रंप को लताड़ा

# विदेश नीति फेल, यूएस की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही, सुधर जाएं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने संसद में पीएम मोदी और पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई। डव ने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रंप की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर पीएम मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। ये टिप्पणियां हाउस फॉरेन अफेयर्स सबकमेटी ऑन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था- 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीः एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'।

*दबाव डालकर साझेदारी करने की नीति उल्टे गले पड़ी*

साझेदारों को युद्ध में ढकेलकर कैसे मिलेगा नोबल प्राइज



संसद में सांसद बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलेगर डव

## ट्रंप नोबेल प्राइज के हकदार नहीं

सांसद डव ने ट्रंप के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रंप खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता।

### नुकसान को जल्द ठीक करें

डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है।

### अमेरिका-भारत साझेदारी बेहद अहम

*ट्रंप की पार्टी के सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसका संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रंप प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।*

*लीजिए, ट्रंप गोल्ड कार्ड लागू हो गया*




## 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रंप का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## मेक्सिको भी भारत पर 50% टैरिफ लगाएगा, 2026 से लागू होगा

*अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50% तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है।*

### आजादी के 77 साल बाद पहली बार पाकिस्तान में गूंजी देव वाणी

10-15 साल में पाक में गीता महाभारत के विद्वान दिखेंगे


# शौक से सीख रहे संस्कृत, अब कोर्स में पढ़ाई जाएंगी महाभारत व भगवद्गीता

एजेंसी ▶▶ लाहौर

आजादी के 77 साल बाद पहली बार इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान में संस्कृत आधिकारिक तौर पर लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एलयूएमएस) पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गई है। वो देववाणी, जिसे भारत में तो सदियों से पढ़ा जा रहा है, अब पाकिस्तानी छात्र बड़े शौक और जिज्ञासा से सीख रहे हैं। महज एक साप्ताहिक कार्यशाला से शुरू हुई यह यात्रा अब चार क्रेडिट वाले पूर्ण कोर्स तक पहुंच चुकी है और आगे महाभारत व भगवद्गीता के अलग कोर्स भी आने वाले हैं। गुरमानी सेंटर के निदेशक डॉ. अली उस्मान कासमी कहते हैं कि उम्मीद है इससे नई दिशा मिलेगी। 10-15 साल में पाकिस्तान में पैदा हुए और पले-बढ़े गीता-महाभारत के अपने विद्वान देखने को मिलेंगे।

अलग खबर

*विद्वानों ने माना संस्कृत पाक और भारतीय संस्कृति की अद्भुत धरोहर*


संस्कृत कोर्स पूरा करने पर छात्रा को प्रमाणपत्र सौंपते हुए डॉ. कासिम

### *शास्त्रीय भाषाओं में इंसानियत का ज्ञान*

*विश्वविद्यालय में डॉ. शाहिद रशीद मुख्य रूप से व्याकरण पढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि जब मैं 'सुभाषित' पढ़ा रहा था तो कई स्टूडेंट्स हैरान रह गए कि उर्दू के इतने शब्द संस्कृत से आए हैं। कुछ को तो ये भी नहीं पता था कि संस्कृत हिंदी से अलग भाषा है। पहले हफ्ते उन्हें कठिन लगी, मगर जैसे ही इसकी तार्किक संरचना समझ आई, मजा आने लगा।*

### 2027 तक पूरा कोर्स होगा

डॉ. कासमी ने बताया कि शुरू में सिर्फ वीकेंड प्रोग्राम था, जो स्टूडेंट्स, रिसर्चरों, वकीलों से लेकर आम लोगों तक सबके लिए खुला था। रिस्पॉन्स देखकर इसे नियमित डिग्री कोर्स बना दिया गया। अगले कुछ सालों छात्रों की संख्या बढ़ने की पूरी उम्मीद है। आदर्श रूप से 2027 के वसंत ऋतु तक हम इसे एक साल का पूरा कोर्स बना देंगे।

### बदल रहा भाषाई माहौल

डॉ. कासमी बताते हैं कि ये कोर्स यूनिवर्सिटी के बड़े भाषाई माहौल का हिस्सा है जिसमें सिंधी, पश्तो, पंजाबी, बलोची, अरबी और फारसी पहले से पढ़ाई जा रही हैं। हम समझते हैं कि ये अद्भुत विरासत पाकिस्तानी-भारतीय साझी धरोहर है।

### *समृद्ध शास्त्रीय परंपराओं को समझें*

*डॉ. रशीद कहते हैं कि अगर हम चाहते हैं कि लोग एक-दूसरे के करीब आएं तो हमें अपनी समृद्ध शास्त्रीय परंपराओं को समझना और अपनाना होगा। सोचिए, अगर भारत में ज्यादा हिंदू-सिख अरबी सीखने लगें और पाकिस्तान में ज्यादा मुसलमान संस्कृत पढ़ने लगें तो दक्षिण एशिया के लिए ये कितनी खूबसूरत और उम्मीद भरी शुरुआत होगी, जहां भाषाएं दीवारें न बनें, पुल बनें। आगे उन्होंने कहा कि संस्कृत एक पहाड़ जैसी है, सांस्कृतिक स्मारक। इसे अपनाना चाहिए। ये हमारी भी है, किसी एक मजहब की नहीं।*

## सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हो पाकिस्तान, हमारी सब पर 'नजर'

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अफगानिस्तान की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखता है। उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठनों जैसे आईएसआईएल, अलकायदा और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके सहयोगियों तथा लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को समन्वित करना चाहिए, ताकि वे सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हों। उन्होंने कहा कि भारत तालिबान के साथ व्यावहारिक संबंध कायम करने का पक्षधर है, क्योंकि केवल दंडात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित करने से पुराने दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा।






## खबर संक्षेप



### डॉ. सोनल को रक्तचाप शोध के लिए पुरस्कार

**भोपाल।** एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. सोनल राजमाने को जयपुर में इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी सम्मेलन में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके शोध में 24 घंटे और 48 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की तुलना की गई, जिसमें 48 घंटे की मॉनिटरिंग को अधिक सटीक पाया गया। यह शोध डॉ. गिरीश सी. भट्ट के मार्गदर्शन तथा डॉ. शिखा मलिक, डॉ. महेश महेश्वरी और डॉ. अंबर कुमार के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत

**भोपाल।** जगदलपुर शहर के धरमपुरा में बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, इस हादसे में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बता दे कि धरमपुरा स्थित सब्जी मार्केट के पास बीती रात को पल्लीगाव निवासी राजेश बघेल व प्रिंस बघेल जो जगदलपुर की ओर आ रहे थे, उनकी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। लोगों ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### दीपावली को वैश्विक धरोहर घोषित सम्मान

**भोपाल।** दीपावली को यूनेस्को की इन्टेंजिबल कल्चरल हैरिटेज सूची में शामिल किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इसे प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी सहेजने का काम कर रही है और वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी इसी रास्ते पर कदम बढ़ाते हुए दुनिया में भारतीय संस्कृति का परचम फहराएंगे। भारत और भारतीय संस्कृति को मिली उपलब्धि पर मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### खंडेलवाल एवं शर्मा ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सागर जिले के बांदरी-मालथौन के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 4 पुलिसकर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### आईआरपीआरए अंडर 40: जूरी का ऐलान

**भोपाल।** देश के छोटे-बड़े शहरों और कस्बों आदि में कार्यरत पीआर प्रोफेशनल्स की मेहनत और प्रतिभा अक्सर छिपी रहती है। लेकिन, तथ्य यह है कि उनके क्रिएटिव आइडियाज़, लगातार प्रयास और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करने का जज़्बा ही कम्युनिकेशन की दुनिया को आगे बढ़ाता है। इन्हीं प्रोफेशनल्स की मेहनत को मान्यता देने के लिए इंडिया रीजनल पब्लिक रिलेशन्स अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए) '40 अंडर 40' का चौथा संस्करण 10 जनवरी, को वर्चुअल रूप से आयोजित होने जा रहा है। जैसा कि पिछले संस्करणों में हुआ, इस बार भी इस अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों के पीआर प्रोफेशनल्स को उनके समर्पण और उत्कृष्ट काम के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन खुला है और नामांकन की आखिरी तारीख 25 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इस बार के इंडियाज रीजनल पीआर अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए) '40 अंडर 40' के चौथे संस्करण के लिए जूरी पैनल में देश के जाने-माने पीआर प्रोफेशनल्स, जर्नलिस्ट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट्स शामिल हैं।

## मुख्य सचिव जैन ने राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक ली

# भारत की जनगणना 2027- परीक्षा के दृष्टिगत मकान गणना और जनगणना की अवधि तय करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जनगणना का कार्य अब जल्द शुरू होने जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 के दौरान 30 दिवस की अवधि में किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए कि आगामी जनगणना 2027 के दृष्टिगत प्रशासनिक इकाइयों में जो भी परिवर्तन किए जाने हैं वे 31 दिसम्बर तक अनिवार्यतः कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में भारत की जनगणना 2027 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त 30 दिवस की अवधि निर्धारित की जाएं। जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य पूरे देश में एक साथ फ़रवरी 2027 में किया जाएगा।

### समन्वय के लिए विभागों को एक-एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश



अनुराग जैन, मुख्य सचिव

### मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन

मुख्य सचिव जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जन को यह बताया जाना आवश्यक होगा कि जनगणना 2027 पहली बार देश में डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रचार होना चाहिए कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत जनगणना में संकलित व्यक्तिगत जानकारियां गोपनीय होती है साथ ही इन्हें कहीं भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

### जनगणना के द्वितीय चरण में बच्चों को परीक्षाओं में असुविधा न हों

मुख्य सचिव जैन ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि वे जनगणना के द्वितीय चरण को ध्यान में रखकर वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने परीक्षाओं की समय-सारणी इस तरह तैयार करने के निर्देश दिए है जिससे विद्यार्थीयों को कोई असुविधा नहीं हो। साथ ही सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे आपस में समन्वय करते हुए जनगणना 2027 के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए योजना तैयार करें, जिससे जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग

अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ल ने बताया कि मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना सम्पादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। प्रारंभ में निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, डिजिटल रोडमैप और संगठनात्मक ढांचा इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया।

### स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की

मुख्य सचिव जैन ने आगामी जनगणना डिजिटल होने के मद्देनजर सर्वसम्बन्धितों को उचित समय पर युक्तियुक्त प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जैन ने जनगणना के दौरान स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनगणना 2027 के कार्य के समन्वय के लिए अपने अपने विभागों में एक नोडल अधिकारी नामित करें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

# शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में पीडब्ल्यूडी को करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है। विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। अपर मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण से लोक कल्याण नवम्बर-2025 के न्यूज-लेटर,लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन किया।

### विभागीय न्यूज लेटर और पर्यावरण से समन्वय ब्रोशर का किया विमोचन

**एमपीआरडीसी और एमपीबीडीसी के संचालक मंडल की बैठक आयोजित**

**हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना- जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता: सीएम**

**दो वर्षों में विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए आयाम स्थापित किए**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री सिंह लोक निर्माण से लोक कल्याण नवंबर-2025 के न्यूज-लेटर और लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन करते हुए।

### पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा

*प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी सुखवीर सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों, पीएम गतिशक्ति पोर्टल के उपयोग से रोड प्लानिंग, बीआईएसएजी- एन के माध्यम से समय सीमा का निर्धारण और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ पर्यावरण से समन्वय, पौधरोपण, ट्री-शिफ्टिंग, लोक सरोवर, सौर ऊर्जा के कार्य भी विकास कार्यों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।*

### मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाएः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाएं। पूरे प्रदेश को समावेशित कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो, इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाए। राजमार्गों का घनत्व राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विज़न डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें।

### सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज पर भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास में पर्यावरण समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए। सतत संवहनीय विकास के लिए सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज में भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए। बिजली और पानी की बचत सुनिश्चित की जाए।

### फ्लाईओवर, अंडरपास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे आधुनिक समय की मांग है। इन अधोसंरचनाओं के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। आवश्यकतानुसार फ्लाई-ओवर, अंडर-पास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ-2028 के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। दिसंबर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यों को जून-2027 तक पूर्ण किया जाए।

### 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरणः सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि लोकपथ एप में प्राप्त 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लोकपथ एप के उत्कृष्ट उपयोग की सराहना की। एप में आगे स्थलों के बीच की दूरी, वैकल्पिक मार्ग, पर्यटन स्थल, चिकित्सा सेवाएं, ब्लैक स्पॉट अन्य सुविधाओं को मैप किया है।

## तीन लोगों की हत्या मामले में पांच गिरफ्तार

# पांच लाख को ढाई करोड़ बनाने कर रहे थे तंत्र-मंत्र



मृतक की फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बुधवार देर रात हुए दिल दहला देने वाले तिहरे हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्क्रैप व्यवसाय से जुड़े अशरफ मेमन सहित तीन लोगों की उनके कबाड़ यार्ड में लाश मिलने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि मृतकों में अशरफ मेमन कोरबा निवासी, सुरेश साहू पिता बलदेव साहू तुलसी नगर निवासी, नीतीश कुमार दुर्गा निवासी हैं। तीनों की लाश एक ही कमरे में संदिग्ध हालत में मिली है। बताया जा रहा है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में तीनों की मौत हुई है।

बिलासपुर से एक तांत्रिक तीन अन्य साथियों के साथ कोरबा बुधवार की रात 11:00 बजे कोरबा पहुंचा। इसके बाद अशरफ मेमन के बरबसपुर स्थित स्क्रैप यार्ड में रात होते ही तंत्र मंत्र शुरू किया गया। जहां तांत्रिक बिलासपुर निवासी राजेंद्र कुमार एक कमरे में तीनों को बारी-बारी से बुलाकर नींबू देकर एक रस्सी से सर्किल बनाता है। इसके बाद कमरे में बंद कर बाहर आता है और उसे आधा से एक घंटा बाद खोलने की बात कहता है, जहां समय बीतने के बाद कैमरा खोला गया तो तीनों की मौत हो चुकी थी। बिलासपुर अमेरी निवासी अश्वनी कुर्रे ने बताया कि तांत्रिक की टीम में वह भी साथ आया हुआ था। जहां पांच लाख को ढाई करोड़ रुपये करने के लिए तंत्र-मंत्र की बात सामने आई थी और उसे पैसे को बराबर हिस्से में बांटने की बात हुई थी। तांत्रिक राजेंद्र के द्वारा कमरे में तंत्र विद्या किया गया और उनकी संदिग्ध मौत हो गई।

मौत कब-कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह उसे भी जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद अशरफ मेमन के परिजन पहुंच गए और जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया है। यार्ड को सील कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि अब तक इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मामला तंत्र विद्या से जुड़ा हुआ है। अभी और भी गिरफ्तारी हो सकती है। फोरेंसिक एक्सपर्ट और अन्य टीम काम कर रही हैं।

## बालोद थाना क्षेत्र का मामला, जांच जारी

# साइबर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




वोडाफोन-आईडिया कंपनी के विक्रेता ईश्वर गजेन्द्र को पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कंपनी द्वारा दिए गए सिम कार्ड बिक्री लक्ष्य (टारगेट) को पूरा करने के लिए 142 फर्जी सिम एक्टिव किए। साइबर सेल बालोद की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर से ग्राहकों के बायोमैट्रिक और आधार फेस आईडी का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से वोडाफोन-आईडिया की सिम जारी की। जांच में सामने आया है कि यह सिम ग्राहकों की जानकारी के बिना, उनके नाम पर सक्रिय कर कुछ समय बाद तोड़ दी जाती थी।

## पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, पूछताछ जारी

# पिता पर नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पिता ने डरा धमकाकर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरोपी पिता से पूछताछ भी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत दर्ज की। शिकायत में बताया कि उसकी मां आसपास के घरों में काम करने



जाती है। उसके पिता घर में ही रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि 26 जनवरी 2023 को वह अपनी सहेलियों के साथ घूमने गई थी। इस दौरान उसके पिता ने उसे देख लिया था। जब वह घर पहुंची उसकी मां और दोनों भाई नहीं थे। तब उसके पिता ने उससे मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ संबंध बनाया। इस दौरान विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि इस घटना के बाद जब भी घर में कोई नहीं रहता था तो उसके पिता उससे मारपीट करते हुए उसके साथ संबंध बनाते आ रहा था। पीड़िता ने बताया कि बीते दिन जब वह घर में अकेली थी। इस दौरान उसके पिता ने उसके साथ मारपीट की और शारीरिक संबंध भी बनाया। इस घटना के बाद वह स्कूल चली गई थी और वहां से वापस लौटते समय रास्ते में उसने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी।

## मजदूरी करती थीं महिलाएं, पुलिस जांच जारी

# पानी की टंकी गिरी, दो महिलाओं की मौत, मासूम बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ईंट बनाने के लिए बनाई गई पानी की टंकी की दीवार महिलाओं पर टूट कर गिर गई जिसमें दो महिलाओं की मौत और एक मासूम बालिका गम्भीर रूप से हुई घायल हुई है। घटना के बाद महिलाओं को संजीवनी हॉस्पिटल दल्लीराजहरा लाया गया जहां डॉक्टरों ने महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। वहीं मासूम को इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। मासूम की स्थिति भी गम्भीर बताई जा रही है। आपको बता दें कि डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली डेम के किनारे की यह घटना है।

मृतक महिलाएं बलौदाबाजार की रहने वाली बताई जा रही हैं। दरअसल ईंट भठ्ठे में काम करने आई महिलाएं पानी की टंकी के नीचे नहाने बैठी थीं। उसी समय पानी की टंकी की दीवार टूट कर महिलाओं के ऊपर गिर गई। मृतक महिला का नाम चन्द्रकला, आशा बारले बताया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर हुआ मंथन

# अधिकारों के साथ ही कर्तव्य बोध भी आवश्यक, पूरक हैं अधिकार और कर्तव्य : तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि अधिकार और कर्त्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। आधिकारों के लिए कानून बनाए गए हैं, उन्हें लिखित रूप से परिभाषित किया जा सकता है, किंतु कर्त्तव्यों का बोध करना और कराना पड़ता है। जब हम अधिकारों के प्रति जागरुकता प्रदर्शित करते हैं तो कर्तव्य पालन का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण प्राचीनकाल से ही हमारे संस्कारों में शामिल रहा है। हमारी संस्कृति में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि रहा है। प्रचीनकाल से ही हमारी मातृ-शक्ति साहस, युद्ध-कौशल, तपस्या, त्याग और विद्वता से संपन्न रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया।

समाज की छोटी-छोटी कमजोरियों के प्रति सजग और संवेदनशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में आज देश की 2.5 लाख से अधिक पंचायतों में 14 लाख महिला प्रतिनिधि निर्वाचित हुई हैं। इसके साथ ही सरपंच से सांसद तक हमारी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या अधिक है। देश में 10 करोड़ बहनें 9 लाख स्व-सहायता समूहों के साथ जुड़कर उद्यमिता से समाज सेवा तक महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआः डॉ. अवधेश

आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण के साथ ही मानवाधिकारों के सुधार की दिशा में केंद्र व राज्य सरकारें सजग हैं और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजनाओं के प्रभावों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआ है। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया।

***आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन***

### बेटों को भी बचपन से महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगेः मंत्री भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं के मानवाधिकार और सशक्तिकरण सरकारों की संवैधानिक और समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। मप्र देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू की है। मंत्री भूरिया ने कहा कि वह आदिवासी समाज से हैं और समाज की महिलाओं की परेशानियां समझती हैं, इसलिए उनके निवारण के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने परिवारों को भी इसके प्रति सजग रहते हुए बेटियों के साथ ही बेटों को भी बचपन से ही महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगे।

# सिविल सर्जन डा. नवीन कोठारी के विरुद्ध जमानती वारंट जारी

## हाईकोर्ट का आदेश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जिला अस्पताल, जबलपुर के सिविल सर्जन डा. नवीन कोठारी के विरुद्ध जमानती वारंट जारी किया है। जस्टिस विनय सराफ की सिंगल बेंच ने पांच फरवरी, 2026 को व्यक्तिगत हाजिरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मामला पेंशन व रिकवरी के मामले में नोटिस जारी होने के बावजूद सिविल सर्जन डा. कोठारी की ओर से किसी के उपस्थित न होने और न ही जवाब पेश करने के रवैये से संबंधित है।



अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सविता पांडे की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पति जिला अस्पताल में कार्यरत थे। विभाग ने अधिक भुगतान का हवाला देते हुए उनके विरुद्ध रिकवरी निकाली। पति की मृत्यु के बाद याचिकाकर्ता की पेंशन बंद कर दी गई और रिकवरी भी कर ली गई। इस मामले में हाई कोर्ट ने पूर्व में अपने विस्तृत आदेश में कहा कि रिकवरी अनुचित है। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को रिकवरी की राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावा पेंशन भी रोक दी गई। लिहाजा, अवमानना याचिका दायर की गई।

### तदर्थ सेवा पर भी पेंशन प्रदान करें : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्देश में कहा कि तदर्थ सेवा पर भी पेंशन प्रदान की जा सकती है। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता प्रो. अरुण प्रकाश बुखारिया को पेंशन का पात्र निरूपित करते हुए भुगतान करने कहा है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की तदर्थ सेवा में दिखाए गए दो-तीन दिन के कृत्रिम ब्रेक यानि ऐसा समय जिसमें कर्मचारी लगातार काम पर नहीं था, को सेवा व्यवधान मानने से इंकार कर दिया। हाई कोर्ट ने राज्य को निर्देश दिया कि 1977 से 2009 तक उनकी पूरी सेवावधि को निरंतर मानकर पेंशन दी जाए। ऐसा माना जा रहा है कि यह आदेश प्रदेश के एक हजार से अधिक तदर्थ कर्मचारियों के लिए न्यायदृष्टांत के रूप में राहत का सबब बनेगा।

### करदाताओं को बड़ी राहतः 13 दिसंबर को लोक अदालत में मिलेगी भारी छूट

जबलपुर। नगर निगम ने 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत में करदाताओं को लंबित बकाया करों पर भारी छूट देने की घोषणा की है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी संभागीय कार्यालयों में तैयारियों का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि करदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने बैठक, पेयजल और बैठने की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। लोक अदालत में बकाया करों की वसूली के लिए अपर आयुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त ने कहा कि इस पहल से करदाताओं को राहत के साथ ही नगर निगम और नागरिकों के बीच संबंध मजबूत होंगे।

## निगम ने 124 बड़े बकायादारों को भेजा नोटिस 1 लाख से अधिक कर बकाया होने पर दी चेतावनी

**जबलपुर।** नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान के तहत बड़ा कदम उठाया है। 1 लाख रुपये से अधिक बकाया कर रखने वाले कुल 124 बड़े करदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। राजस्व अधिक्षक इन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि नोटिस उन सभी करदाताओं को भेजे गए हैं, जिनके ऊपर 1 लाख रुपये से अधिक का बकाया कर लंबित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं की गई, तो करदाताओं की संपत्ति की कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए करदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। नोटिस पाने वालों में विभिन्न संभागों के अंतर्गत आने वाले व्यक्ति, व्यापारी, फर्म, संस्थान, पुलिस थाने और सरकारी संस्थाएं शामिल हैं। इनमें प्रमुख नाम हैं – हेमराज टुंडे कोष्टा, बीएसएनएल जबलपुर निरमानी, सेन्ट्रल रेलवे माल गोदाम



कछपुरा, जामा मस्जिद अध्यक्ष हाजी रियाज, और कई बड़े व्यापारी एवं भू-स्वामी। संभागवार विवरण में सभी करदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं, जो निगम की कड़ी कार्रवाई के दायरे में आते हैं। राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया कि करदाताओं के द्वारा बकाया राशि न जमा करने पर बिना किसी चेतावनी के उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ठंड से बचाने की पहल, 60 निराश्रितों को आश्रय स्थल पहुंचाया

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर में बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए, खुले आसमान के नीचे सोने वाले निराश्रित लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा एन.यू.एल.एम., अतिक्रमण, एन.जी.ओ. और रेलवे पुलिस बल के सहयोग से 60 निराश्रितों को आश्रय स्थल पहुँचाकर राहत देने का कार्य किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी संबंधित टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे शहर के अन्य हिस्सों में भी निगरानी बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति अत्यधिक ठंड में खुले में न सोए। इस संबंध में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म नंबर 01 के बाहर और प्लेटफार्म नंबर 06 के बाहर के क्षेत्रों पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए 60 से ज्यादा निराश्रित लोगों को चिह्नित कर, उन्हें ठंड से बचाने के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल में पहुंचाया गया।



## अभाविप चलाएगा छात्रावास सर्वेक्षण अभियान

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून परेड ग्राउंड में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा नगर के जनरल विपिन रावत सभागार में 27-30 नवम्बर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय अधिवेशन में तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों सहित सभी राज्यों से कुल 1211 प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अभाविप के प्रदेश मंत्री एवं केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य माखन शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि अधिवेशन में कुल पांच प्रस्ताव पारित किए गए। पर्याप्त वित्तीय आवंटन सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को एक संरचना के अंतर्गत लाने की आवश्यकता, बंगलादेशी घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनौती, मानवीय क्रियाकलापों से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के निवारण हेतु समाज की भूमिका तथा विभाजनकारी ताकतों के विरुद्ध संगठित समाज ही समाधान विषयक इन चार प्रस्तावों को प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधन कर पारित किया गया। साथ ही समाज परिवर्तन का वाहक बने युवा विषयक प्रस्ताव को 27 नवम्बर को हुई राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में पारित किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में अभाविप देश भर में छात्रावास सर्वेक्षण अभियान चलाएगा, जिसमें सभी प्रकार के छात्रावासों का सर्वेक्षण किया जाएगा। महारानी अब्बका की 500वीं जन्म जयंती वर्ष के निमित्त विभिन्न परिसरों में प्रदर्शनी एवं कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## अतिक्रमण हटाओ अभियानः जगह-जगह हुई कार्रवाई, यातायात में बाधक अतिक्रमणों को हटाया

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर भर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात को सुगम बनाना है। अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि आज भंवरताल गार्डन के पास लगे ठेले, टपरे, चार पहिया और दो पहिया वाहनों को हटाकर मार्ग को खाली कराया गया। राजीव गांधी वार्ड और अधारताल तालाब के पास से भी ठेले और टपरे हटाए गए। उन्होंने बताया कि विजय नगर



और अधारताल तहसील हार्ट से अतिक्रमण हटाकर सड़कों को व्यवस्थित किया गया। सुहागी जोन ऑफिस तक मार्ग पर भी अवैध रूप से लगे ठेले और टपरों पर कार्रवाई की गई। गढ़ा बाजार में सड़क निर्माण में बाधा बन रहे चिन्हित मकानों को हटाया गया, जिससे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। छोटी लाइन और तीन पत्ती चौक के पास से व्यस्त चौराहों और मार्गों पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षित बनी रहे। निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मोहल्ला खाली करने धमकाने व पीटने वालों के विरुद्ध एफआइआर पेश करने के कोर्ट ने दिए निर्देश

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता खरे की अदालत ने मोहल्ला खाली करने धमकाने व पीटने वालों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने का आदेश पारित किया है। कोर्ट ने 21 जनवरी को जांच प्रतिवेदन, एफआइआर की प्रति पेश करने के निर्देश दिए हैं। परिवादी शंकरशाह नगर, रामपुर निवासी फैजल रियान उर्फ अस्मित की ओर से दलील दी गई कि परिवादी के पड़ोस में रहने वाले प्रतीक मेहता उर्फ गिन्नी, प्रिया मेहता और अभिजीत राय ने दो अक्टूबर, 2024 को दोपहर सवा दो बजे के लगभग परिवादी के घर के सामने आकर गाली-गलौच शुरू कर दी। जब परिवादी से बाहर आकर ऐसा करने से मना किया तो दूसरे पक्ष ने मोहल्ला खाली कर चले जाने की धमकी दी। यही नहीं लात-घूसों की बरसात कर दी। हल्ला सुनकर परिवादी के पिता बाहर आ गए। दूसरे पक्ष ने उसने भी मारपीट कर दी। साथ ही धमकी दी कि यदि मोहल्ला खाली नहीं किया तो जान से मार देंगे। समूचा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड है। इसके बावजूद गोरखपुर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध नहीं किया। इसीलिए अदालत की शरण ली गई है। कोर्ट ने संज्ञेय अपराध पाकर एफआइआर के निर्देश दे दिए।

## कलेक्टर ने किया पाटन के 5 खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



किसानों से तौल के नाम पर पैसे न लिये जाएं

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पाटन विकासखंड के पांच धान खरीदी केन्द्रों - सोनतलाई, भोरदा, सरोद, करारी और बोरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों का रकबा, पंजीयन, स्लॉट बुकिंग, खरीदी गई धान और किसानों की संख्या के बारे में जानकारी ली और किसानों से भी चर्चा की।

कलेक्टर ने उपार्जन में पारदर्शिता रखने के लिये खरीदी प्रभारियों से कहा कि बिचोलियों की बातों में न आएं, अगर संदिग्ध आदमी दिखे तो तुरंत एसडीएम को सूचित करें। उन्होंने खरीदी केन्द्र पर बोरी की तौल भी कराई और सर्वेयर को मॉइस्चर मीटर लगाने के निर्देश दिए। उपार्जन केन्द्र पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से चालू रखने को कहा और फुटेज भी देखे। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से तौल के नाम पर पैसे न लिए जाएं। संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन खरीदी का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। भोरदा और बोरिया में स्वसहायता समूहों द्वारा धान उपार्जन की जा रही है, कलेक्टर श्री सिंह ने स्वसहायता समूह की महिलाओं से कहा कि वे सावधानी पूर्वक शासन के नियमों के अनुरूप उपार्जन प्रक्रिया पूर्ण करायें। जहां कहीं भी गड़बडी की आशंका है तो तुरंत सूचित करें।

### माध्यमिक शाला रोंसरा का किया अवलोकन

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पाटन क्षेत्र के भ्रमण के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला रोंसरा (खैरी) का निरीक्षण किया, जहां कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने प्रभारी शिक्षक से उपलब्ध स्टाफ, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर पाटन एसडीएम श्री मानवेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे का जबलपुर आगमन 14 को





**जबलपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे के नगर आगमन को लेकर तैयारी हेतु भाजपा महानगर की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने की, जिसमें विधायक श्री अशोक रोहाणी और निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित जिला पदाधिकारी और महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम, स्वागत रैली और समापन सभा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए गए। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि स्वागत रैली पिसनहरी की मढ़िया से प्रारम्भ होकर त्रिपुरी चौक, पंडा की मढ़िया, शाहीनाका, संजीवनी नगर मेन रोड, कछपुरा ब्रिज, लेबर चौक, यादव कॉलोनी और रानीताल चौक होते हुए भाजपा कार्यालय में समाप्त होगी। रैली के समाप्त होने पर कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, अंजू भार्गव, लालू यादव, प्रनीत वर्मा, डिम्पी विश्वकर्मा, प्रशांत केसरवानी, रविंद्र पचौरी, राजेश ठाकुर, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, संजय यादव, अभिनव यादव, केदारनाथ पोरते, मधुबाला राजपूत सहित मंडल अध्यक्ष, पार्षद और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

हिमालय 5 देश भारत, नेपाल, भूटान, चीन और पाकिस्तान में फैला हुआ है। यह धरती के कुछ सबसे मुश्किल पर्यावरणीय क्षेत्रों का घर है, जिसमें दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट भी शामिल है। लगभग 420 किमी की ऊंचाई से देखने पर इसकी जटिल बनावट और प्रभावशाली लगती है। यह एशिया को आकार देने वाली विशाल विवर्तनिक शक्तियों (जमीन की प्लेटों का टक्कर) का सबूत है।

### नासा इसलिए दिखाता है यह नजारा

नासा और बाकी अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियां अक्सर आईएसएस से तस्वीरें जारी करती है। ये वैज्ञानिकों को भूवैज्ञानिक और पर्यावरण में हो रहे बदलावों पर नजर रखने में मदद करती है। यह नया वीडियो हिमालय की भव्यता के साथ धरती की प्राकृतिक प्रणालियों के गहरे संबंध को भी उजागर करता है। अंतरिक्ष से यह सुंदरता और नाजुकता दोनों को दर्शाता है।

## ● रोचक खबरें



## पहली नजर में ही किसी पर फिदा क्यों हो जाता है दिल?

**लंदन।** आपके साथ भी कभी ना कभी ऐसा जरूर हुआ होगा जब आपने किसी को एक नजर देखा होगा और वो आंखों से तो ओझल हो गया होता है, लेकिन लंबे समय तक के लिए दिल में छाप छोड़ जाता है। कहने का मतलब है कि कभी ना कभी आपको भी कोई पहली नजर में पसंद आ गया होगा। लोग पहली नजर के प्यार को जादू बताते है। चलिए जानते हैं ये जादू क्यों होता है और इस दौरान हमारे शरीर के अंदर क्या होता है। जिसको आप पहली नजर का जादू कहते हैं वो जादू इसलिए महसूस होता है, क्योंकि बॉडी के अंदर काफी अलग तरह का चेन रिएक्शन हो रहा होता है और ये काफी तेजी से होता है। इस दौरान कुछ ही सेकंड में हमारा माइंड विजुअल संकेतों का एनालिसिस करता है, हार्मोनल बदलाव को ट्रैक करता है, चलिए आसान भाषा में समझते हैं ये सब कुछ कैसे होता है। पहली नजर के दौरान दिमाग के रिवॉर्ड सिस्टम तुरंत एक्टिवेट हो जाते है। डोपामाइन भर जाता है और जोश से भर देता है, जिससे खुशी और खुशनुमा महसूस होता है। इतना ही नहीं, ऑक्सीटोसिन गर्माहट और भरोसे का एहसास जोड़ता है। इसी के साथ सेरोटोनिन का लेवल कम हो जाता है। इस दौरान शरीर में एनर्जी का विस्फोट होता है और आकर्षण महसूस होता है और सामने वाले के बारे में और ज्यादा जानने की इच्छा होती है।

## पतला होने के लिए लड़की ने उठाया ऐसा कदम, होने लगी खून की उल्टी

**बीजिंग।** तेजी से वजन कम कर छरहरी काया पाने की सनक में एक 28 साल की लड़की ने ऐसा कदम उठाया कि वह सीधे मौत के मुंह में पहुंच गई। दरअसल, लड़की ने एक चमत्कारी वेट लॉस इंजेक्शन लिया था, जिसके बाद उसे खून की उल्टी शुरू हो गई, और अस्पताल में वह जिंदगी की जंग लड़ने लगी। डरा देने वाली यह खबर दक्षिण-पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के सूजोउ की है, जहां चेन सरनेम की इस लड़की ने सोशल मीडिया पर एक वेट लॉस इंजेक्शन का विज्ञापन देखा था। एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन की सहेली ने दावा किया कि एक इंजेक्शन साढ़े 3 किलो तक वजन घटा सकता है। फिर क्या था, चेन ने बिना कुछ सोचे-समझे जल्दी पतला होने के चक्कर में 900 युआन (यानी 12,000 रुपए) में तीन इंजेक्शन खरीद लिए। चूंकि, चेन ने पहले कभी ऐसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं किया था, इसलिए उसने एहतियातन सिर्फ आधा डोज लेने का फैसला किया. लेकिन पेट के पास इस इंजेक्शन को लगाते ही उसे मतली, उल्टी और भूख में भारी कमी का अनुभव हुआ. लेकिन चेन ने यह सोचकर इसे नजरअंदाज कर दिया कि यह शायद वेट लॉस का हिस्सा होगा, और पहले तीन दिनों में वजन 3 किलो कम होने पर वह कंफर्म भी हो गई, और ट्रीटमेंट जारी रखा। आपको जानकर हैरानी होगी कि महज चार दिन में चेन का वजन 5 किलो तक घट गया, लेकिन चौथे दिन उसकी हालत बदतर हो गई। उसे हरे और पीले रंग की उल्टी होने लगी।



## बार्क स्पाइडर के सिल्क ने तोड़ा मजबूती का रिकॉर्ड, वैज्ञानिक भी हैरान

**वॉशिंगटन।** दुनिया में कई तरह की मकड़ियां पाई जाती हैं, हालांकि मेडागास्कर की बार्क स्पाइडर को उसका बेहद मजबूत जाल बहुत ही खास बना देता है। नई स्टडी में पता चला है कि दुनिया का सबसे मजबूत मकड़ी जाल सिर्फ मादा मकड़ियां ही बनाती है। मेडागास्कर की बार्क स्पाइडर प्रजाति का जाल स्टील से भी ज्यादा मजबूत होता है। कई बार यह पूरा नदी पार कर सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि मादा के जाले की मजबूती नर मकड़ी के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यागा होती है। अंतरराष्ट्रीय रिसर्चर्स ने डार्विन बार्क स्पाइडर और सी. कुन्टनेरी नाम की दो बार्क स्पाइडर प्रजातियों के सिल्क की जांच की है। उन्होंने माइक्रोस्कोप के जरिए इनके धागे की मोटाई मापी और फिर इन्हें तब तक खींचा जब तक धागा टूट न जाए। ऐसे में मादा मकड़ी का सिल्क नर के मुकाबले में काफी मजबूत पाया गया। रिसर्च के मुताबिक मादा मकड़ियां आकार में नर से तीन गुना बड़ी होती हैं।




# क्या एआई रोबोट करेंगे इंसानों का खात्मा? डरा देगी महाविनाश की ये भविष्यवाणी

लंदन। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर लगातार चल रही बहस के बीच एक ऐसी डरावनी स्टडी वायरल हुई है, जिसने पूरी दुनिया में खौफ पैदा कर दिया है। एआई की दुनिया के एक जाने-माने कम्प्यूटर साइंटिस्ट ने ऐसा दावा किया है कि सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। यूनिवर्सिटी ऑफ लुइसविले के एआई सेफ्टी और साइबर सिक्युरिटी एक्सपर्ट रोमन याम्पोलस्की ने भविष्यवाणी की है अगले 100 सालों के अंदर एआई हम इंसानों का अस्तित्व खत्म कर देगा। डेली स्टार यूके की रिपोर्ट के अनुसार, रोमन यामपोल्स्की ने अपनी किताब 'एआईः अस्पष्ट, अप्रत्याशित) में साफ शब्दों में लिखा है कि अब तक कोई भी एआई सिस्टम पूरी तरह सेफ नहीं है। उनका कहना है कि आने वाले समय में एआई इतना शक्तिशाली हो जाएगा कि इंसान उसे कंट्रोल नहीं कर पाएंगे।

### खुद की मर्जी वाला एआई

उन्होंने कहा कि एआई के फैसले इतने जटिल होते जा रहे हैं कि उन्हें समझना और उनके नतीजों का अनुमान लगाना लगभग नामुमकिन है। नई रिसर्च कहती है कि एआई जल्द वह लेवल छू लेगा, जहां वह खुद की मर्जी से काम करने लगेगा। कहने का मतलब ये है कि एआई अपनी अलग सोच और क्षमताएं खुद से डेवलप कर लेगा। हालांकि, इस डरावनी भविष्यवाणी पर एआई की दुनिया दो खेमों में बंट गई है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और जर्मनी की बॉन यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए शोध में पाया गया कि इस बात की केवल 5% आशंका है कि एआई मानव जाति को खत्म कर देगा।



### बड़े टेक लीडर्स ने बताया बकवास

वहीं, गूगल ब्रेन के को-फाउंडर एंड्रयू एंग और यान लेकन ने कम्प्यूटर साइंटिस्ट यामपोल्स्की की भविष्यवाणी को बकवास बताया है। उनका कहना है कि कुछ टेक लीडर्स जानबूझकर लोगों में भ्रम और दहशत फैला रहे है। बता दें कि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने खुद 2015 में एक भयावह भविष्यवाणी करते हुए कहा था, एआई शायद दुनिया के अंत का कारण बनेगा, जिसके बाद उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।



## बच्चे ने दोस्तों को गिफ्ट देने के लिए किया ये काम जानकर हिल गए मां-बाप



**बीजिंग।** पूर्वी चीन से एक बच्चे की कहानी इन दिनों लोगों के बीच सामने आई है। जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। दरअसल, हुआ यूं कि एक 8 साल के बच्चे ने अपनी दोस्ती को निभाने के लिए मां की चेन को टुकड़ों में अपने दोस्तों को बांट दिया। हैरानी की बात तो ये है कि इस बच्चे को अंदाजा ही नहीं था कि ये सोने की चेन है और इसकी कितनी कीमत है। दिलचस्प बात तो ये है कि करीब एक महीने तक घर वालों को इस बात का पता ही नहीं चला। बाद में उसकी बहन ने बताया कि स्कूल में किसी छात्र ने उससे इस अनोखे उपहार के बारे में कहा था, तब जाकर माता पिता को शक हुआ। चीनी मीडिया के रिपोर्ट मुताबिक माता पिता जब चेन ढूंढने लगे तो उन्हें केवल एक छोटा सा हिस्सा ही मिल पाया। बाकी सोना न तो वापस मिला और न ही बच्चे को याद था कि उसने किस-किस को दिए और कहां रखे उसने मासूमियत से सिर्फ इतना कहा कि उसे सोने की असली कीमत पता ही नहीं है। बच्चे की मां ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ये कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं है, बल्कि सच में उनके साथ हुआ है। जब बेटी से बात करके उन्हें पूरी बात का अंदेशा हुआ तो मां ने अपने बेटे से पूछताछ की। पहले तो वह हिचकिचाया, लेकिन बाद में उसने स्वीकार किया कि उसने यह सब अपने दोस्तों को खुश करने के लिए किया। इसके बाद माता पिता ने घर के सीसीटीवी फुटेज देखे वीडियो में साफ दिख रहा था कि बच्चा एक दराज खोलकर चुपके से सोने की चेन निकाल रहा है। इसके बाद मां को उनके पति ने शादी के समय तोहफे के रूप में दी थी और जिसे वह खास मौके की याद के तौर पर संभालकर रखती थीं। बच्चा चेन को कई हिस्सों में काटना चाहता था। उसने पहले प्लायर और लाइटर की मदद से इसे तोड़ने की कोशिश की। जब यह तरीका काम नहीं आया, तो उसने अपने दांतों से चेन को काटना शुरू कर दिया। उसकी इस हरकत से यह साफ होता है कि उसे बिल्कुल अंदाज़ा नहीं था कि वह कितनी कीमती वस्तु को नुकसान पहुंचा रहा है।

# दुनिया का इकलौता झरना, जो नहीं गिरता ऊपर से नीचे! 3 किमी बहता है नदी के साथ

**ब्रासीलिया।** दुनियाभर में कई शानदार झरने हैं, जिसे देखने के लिए लाखों लोग जाते हैं। इनमें कोई झरना अपनी रिकॉर्ड तोड़ ऊंचाई (जैसे एंजल फॉल्स 979 मीटर) के लिए जाना जाता है, तो कोई झरना अपनी विशालता के लिए मशहूर है। इन चमत्कारों को देखकर हमेशा लगता है कि प्रकृति के पास आश्चर्यों का अथाह भंडार है। लेकिन, आज हम आपको दुनिया के इकलौते ऐसे झरने के बारे में बताने जा रहे हैं, नदी के समानांतर 3 किलोमीटर तक साथ चलता है, फिर गहरी खाई में उसका पानी गायब हो जाता है। यह झरना पानी के ऊंचाई से नीचे गिरने के सामान्य नियम का भी पालन नहीं करता।

### कहां गायब हो जाता है पानी?



### साल के लगभग 150 दिन नहीं देता है दिखाई

यह अद्भुत भौगोलिक संरचना उरुग्वे नदी के तल में मौजूद एक रहस्यमयी जलमग्न घाटी के कारण बनती है, जो 100 मीटर तक गहरी और नदी की चौड़ाई का लगभग 15 से 30 प्रतिशत हिस्सा घेरती है। माना जाता है कि यह घाटी हिमयुग के दौरान बनी थी। यह घाटी सिर्फ दो स्थानों पर ही दिखाई देती है, जिनमें से मोकोना फॉल्स एक है। इस झरने की सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि यह साल के लगभग 150 दिन दिखाई नहीं देता है।

### 5 मीटर से 7 मीटर तक बदलती रहती है झरने की ऊंचाई

बता दें कि उरुग्वे नदी में पानी की मात्रा के आधार पर इस झरने की ऊंचाई 5 मीटर से 7 मीटर तक बदलती रहती है, जबकि इसकी चौड़ाई 1800 मीटर से लेकर 3000 मीटर (3 किलोमीटर) तक हो सकती है। यह विशालता और इसका समानांतर बहाव इसे पृथ्वी के सबसे असाधारण प्राकृतिक चमत्कारों में से एक बनाता है। मोकोना फॉल्स के आस-पास का क्षेत्र एक प्रांतीय पार्क के रूप में संरक्षित है, जिसमें याबोटी बायोस्फीयर रिजर्व भी शामिल है। यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए एक स्वर्ग है, जहां पानी से जुड़ी कई रोमांचक गतिविधियां की जा सकती हैं।

# 24 रुपए में समुद्री पानी से पीने का पानी और फ्यूल

### चीन ने बना डाला कमाल का प्लांट सऊदी-अमेरिका को छोड़ा पीछे!

**बीजिंग।** चीन ने तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसके बारे में आम इंसान सोच भी नहीं सकता है। बता दें कि इसमें चीन सिर्फ समुद्री पानी और फैक्ट्रियों की बेकार गर्मी की मदद से पीने का पानी और ग्रीन हाइड्रोजन दोनों को एक साथ बनाया जा रहा है। शानदोंग के रिजाओ शहर में बना यह प्लांट दुनिया का पहला ऐसा सिस्टम है जहां पर केवल एक इनपुट से तीन आउटपुट पीने लायक पानी, ग्रीन हाइड्रोजन और खनिजों से भरा ब्राइन एक साथ मिल रहा है। इस सफलता को एनर्जी और जल विशेषज्ञ दशक की सबसे बड़ी इनोवेशन बता रहे है। इसकी लागत इतनी कम है कि सऊदी, यूएई और अमेरिका जैसे देशों को भी इसने पीछे छोड़ दिया है। चीन के नए प्रोजेक्ट ने पूरे ग्लोबल एनर्जी सेक्टर में हलचल मचा दी है। रिजाओ शहर में शुरू हुई नए प्लांट में समुद्री पानी को सिर्फ 24 रुपए प्रति क्यूबिक मीटर की लागत में पीने लायक पानी और क्लीन फ्यूल में बदल दिया जाता है।



# एलियंस मचाएंगे तबाही! दुनिया होगी पैसों की मोहताज

**टोक्यो।** बाबा वेंगा की भविष्य वाणी एक बार फिर से चर्चा में हैं। साल 2025 के खत्म होने में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में साल 2026 को लेकर बाबा वेंगा कई डारवनी भविष्यवाणी सामने आ रही है। आइए जानते हैं साल 2026 में क्या-क्या होगा। कहते हैं कि दुनिया का अंत एक ना एक दिन होना तय है। सनातन वेदों में भी लिखा है कि जैसे-जैसे समय बढ़ता है इंसान, जीव अपने आखिरी समय की ओर जाता है, एक समय बाद दुनिया से दूर चला जाता है। इसी तरह कहा जाता है कि एक समय बाद ये दुनिया भी खत्म हो जाएगी। दुनिया के अंत को लेकर कई थ्योरी सामने आई है। वहीं, बाबा वेंगा ने भी कई साल पहले भविष्य को लेकर कई भविष्यवाणी की है। उनकी कुछ भविष्यवाणी सच भी हुई थी. साल 2026 लेकर बाबा वेंगा ने बेहद डरावनी भविष्यवाणी की है। इन भविष्यवाणी में युद्ध, आर्थिक संकट और एलियंस का जिक्र है।

### एलियंस से होगी मुलाकात

बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के अनुसार साल 2026 में इंसानों और एलियंस के बीच पहला संपर्क होगा। एक बड़ा अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा, यह साल 2026 नवंबर तक होगा।



### आर्थिक तबाही

लैडबाइबल की रिपोर्ट के अनुसार बाबा वेंगा ने साल 2026 के लिए वैश्विक वित्तीय संकट की भविष्यवाणी की है। साल 2026 में डिजिटल और फिजकल दोनों तरह की करेंसी सिस्टम ध्वस्त हो जाएगा। ऐसे में बैंकिंग संकट, करेंसी वैल्यू कमजोर हो जाएगी और बाजार में तरलता में कमी आएगी जिस वजह से चेन रिएक्शन शुरू होगा। एक संकट से दूसरा संकट शुरू होगा। जिस वजह से महंगाई उच्च ब्याज दर और तकनीकी उद्योग में अस्थिरता आ सकती है। वहीं, सोने का रेट आसमान छू जाएगा।

### प्राकृतिक आपदाएं

बाब वेंगा की भविष्यवाणी के अनुसार साल 2026 में प्राकृतिक आपदाएं 7 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी। दुनिया के कई हिस्सें में भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट के संकेत देखने को मिलेंगे। जिससे काफी नुकसान होगा इसका सीधा असर इकोसिस्टम पर पड़ेगा।

### युद्ध

बाबा वेंगा के अनुसार साल 2026 में बड़े पैमाने पर युद्ध होने की भविष्यवाणी की है। भविष्यवाणी के अनुसार दुनिया की प्रमुख शक्तियां शामिल होंगी। बाबा वेंगा की हर भविष्यवाणी की तरह यह भविष्यवाणी भी अस्पष्ट है कि कौन से देश के बीच युद्ध होगा, और कब शुरू होगा।

## कोका-कोला ने ब्रौन को किया सीईओ नियुक्त



**वॉशिंगटन।** कोका-कोला ने अपने मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्रौन को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बुधवार को जानकारी दी। अटलांटा स्थित पेय पदार्थ कंपनी ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च से सीईओ का पदभार संभालने के लिए हेनरिक ब्रौन का चयन किया है। कोका-कालो के वर्तमान चेयरमैन एवं सीईओ जेम्स क्विन्सी अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। ब्रौन (57) कोका-कोला में तीन दशकों से कार्यरत हैं।

# ओपन सेल में खरीदी नहीं होने से एफसीआई ने रोकी टेंडर भाव में गेहूं की बिक्री

***एफसीआई ने 12 नवंबर को साप्ताहिक नीलामी प्रारंभ की थी जिसमें 2 लाख टन के ऑफर की तुलना में केवल 73 हजार टन गेहूं की बिक्री हुई***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**खास बातें**

- गेहूं की खरीदी में मिलर्स – प्रोसेसर्स ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे
- मंडियों में टेंडर भाव से काफी नीचे दाम पर गेहूं की बिकवाली हो रही है



एफसीआई का गेहूं गोदाम

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत गेहूं की बिक्री के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया को स्थगित रखने का फैसला किया है क्योंकि इस गेहूं की खरीदी में मिलर्स - प्रोसेसर्स ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे। जिसका प्रमुख कारण है टेंडर के भाव ऊंचे होना। जबकि मंडियों में टेंडर भाव से काफी नीचे दाम पर गेहूं की बिकवाली हो रही है। गौरतलब है कि एफसीआई ने 12 नवंबर को इसकी साप्ताहिक नीलामी प्रारंभ की थी जिसमें 2 लाख टन के ऑफर की तुलना में केवल 73 हजार टन या 36 प्रतिशत गेहूं की बिक्री हुई। इसे बाद इस नीलामी को साप्ताहिक से बढ़ाकर मासिक कर दिया गया। लेकिन परिणाम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। 26 नवंबर को आयोजित नीलामी में 2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया मगर बिक्री लगभग 80 हजार टन यानी 40 प्रतिशत तक ही सीमित रही। अगली नीलामी 10 दिसंबर को आयोजित होनी थी, लेकिन खाद्य निगम के एक अधिकारी ने कहा कि मिलर्स- प्रोसेसर्स के कमजोर रिस्पांस को देखते हुए इसे स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।

### केवल दो बार नीलामी का अवसर मिल पाया

आधिकारी जानकारी के अनुसार कुछ आंतरिक कारणों से भी नीलामी स्थगित की गई है। 12 नवंबर से अब तक खाद्य निगम को केवल दो बार नीलामी आयोजित करने का अवसर मिल पाया है और इसमें भी 4 लाख टन के कुछ ऑफर में से महज 1.50-1.55 लाख टन गेहूं बेचने में सफलता मिल सकी। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एवं ऑयल सीड्स एसोसिशन के प्रवक्ता और गेहूं व्यापारी संजीव जैन ने कहाकि आईटी, ओलाम, कारगिल जैसी करीब आधा दर्जन बड़ी कंपनियों के आलवा, स्टॉकिस्ट और मिलर्स के पास पुराने माल का स्टॉक है। वे खुद आने स्टॉक की बिकवाली में जुटे हुए है जिस कारण गेहूं के भाव समर्थन मूल्य से नीचे है। लेकिन एफसीआई की टेंडर समर्थन मूल्य के करीब होने से मिलर्स, स्टॉकिस्ट और बड़े व्यापारियों को पड़ता नहीं पड़ रहा है जिस कारण एफसीआई द्वारा ओपन सेल में बेचें जा रहे गेहूं की खरीदारी में भाग नहीं ले रहे।

### 10 दिसंबर की ओपन सेल नीलामी स्थगित हुई

मसलन एफसीआई को मजबूर होकर 10 दिसंबर की होने वाली ओपन सेल निलामी को स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि सरकारी गेहूं का न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) काफी ऊंचा है और इस पर परिवहन खर्च भी अलग से लगता है। दूसरी ओर थोक मंडियों में गेहूं का दाम घटकर काफी नीचे आ गया है। स्टॉक सीमा लागू होने से व्यापारियों, स्टॉकिस्टों को जल्दी-जल्दी अपना गेहूं उतारना पड़ रहा है। शानदार बिजाई होने तथा नए रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद रहने से बड़े-बड़े उत्पादक भी अपना स्टॉक खाली करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे मिलर्स-प्रोसेसर्स को खुली मंडियों से अपेक्षित मात्रा में गेहूं प्राप्त हो जाता है।

## व्यापारी संगठन बोले- स्थानीय व्यापार को होगी अपूरणीय क्षति

# व्यापारिक संगठनों ने किया अमेजन की 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा का विरोध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे निवेश पर तत्काल रोक लगाए

छोटे उद्यमियों के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाए, ताकि दिग्गजों का बाजार में एकाधिकार स्थापित न हो

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि अमेजन द्वारा भारत में 35 अरब डॉलर के निवेश की हालिया घोषणा के बाद जहां एक ओर विदेशी कंपनियों के विस्तार की ओर संकेत करती है, वहीं दूसरी ओर यह भारतीय व्यापार जगत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि गहरी छूट, चुनिंदा विक्रेताओं को तरजीह और अन्य अनुचित तरीकों से भारतीय भारतीय खुदरा बाजार को प्रभावित कर रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। व्यापारी संगठनों का तर्क है कि अमेजन जैसी ई-कॉमर्स कंपनियां सरकार की एफडीआई नीतियों का खुलेआम उल्लंघन कर रही हैं, जो उन्हें एक मार्केटप्लेस के रूप में काम करने की अनुमति देती हैं, न कि सीधे खुदरा बिक्री करने की।

हरिभूमि चर्चा

### हर बार शुरुआत में व्यापार बढ़ाने की बात से होती है और फिर कंपनियां बाजार पर एकाधिकार स्थापित कर लेती हैंः सुनील जैन 501



मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 के अनुसार देश के सौ वर्षों के व्यापारिक इतिहास में विदेशी कंपनियों द्वारा बाजार में प्रवेश के बाद स्थानीय व्यापार को जो अपूरणीय क्षति हुई है, वह इतिहास के पन्नों में स्पष्ट रूप से दर्ज है। ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर आधुनिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक हर बार शुरुआत "व्यापार बढ़ाने" की बात से होती है और कुछ वर्षों में वही कंपनियां बाजार पर एकाधिकार स्थापित कर देती हैं। यही प्रक्रिया आज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोहराई जा रही है।

### सभी वर्गों पर बेरोजगारी की मार पड़ेगीः पाली



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि अमेजन का निवेश मुख्यतः टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन और बड़े वेयरहाउस सिस्टम में होगा, जिससे रोजगार कम और मशीनों पर निर्भरता अधिक होगी। छोटे दुकानदार, स्थानीय डिलीवरी नेटवर्क, गोदाम मजदूर, छोटे उत्पादक सभी वर्गों पर बेरोजगारी की मार पड़ेगी। ऐसे में इस फैसले को वापस लिया जाना चाहिए।

### छोटे व्यापारियों की परंपरा पर अंतिम कील साबित होगी अमेजन की यह घोषणा

इधर दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि हम अमेजन की इस घोषणा का पुरजोर विरोध करते हैं। हम स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हैं कि यह कदम भारतीय व्यापार शैली और छोटे व्यापारियों की परंपरा पर अंतिम कील साबित होगा। लाखों परिवारों की आजीविका इससे प्रभावित हो सकती है।

### लाखों छोटी दुकानों और पीढ़ियों से चल रहे व्यापार के सामने होगा अस्तित्व का संकट पैदा : अग्रवाल



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहाकि अमेजन जैसी कंपनियों की अपार पूंजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रणनीतियां, भारी डिस्काउंट और आक्रामक मार्केटिंग के सामने छोटा भारतीय दुकानदार टिक ही नहीं सकता। उसकी इन्वेंट्री सीमित है, किराया व खर्च ज्यादा हैं और डिस्काउंट देने की क्षमता नहीं के बराबर है। परिणामस्वरूप लाखों छोटी दुकानों, परंपरागत बाजारों और पीढ़ियों से चल रहे व्यापार के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। इतना ही नहीं, घरेलू उत्पादकों पर भी गहरा खतरा मंडरा रहा है। अमेजन अपने निजी प्राइवेट लेबल उत्पाद भारतीय उत्पादकों के मुकाबले सस्ते में उतार देता है, जिसके चलते छोटे उद्योग धीरे-धीरे समाप्त होते जाते हैं। इससे देश के उत्पादन तंत्र, श्रमिक वर्ग और पारंपरिक उद्योगों को गंभीर क्षति हो सकती है।

## बाजार में सप्लाई नहीं

# ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, भोपाल में भाव 192500 रुपए प्रति किलो हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब घरेलू बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के के करीब पहुंच गई है।

सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) ने कहाकि इस उछाल की वजह पिछले हफ्ते ग्लोबल लेवल पर आए आर्थिक आंकड़े रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दिसंबर बैठक में महीनों बाद पहली बार ब्याज दरों में कटौती की, जिसके बाद डॉलर और बॉन्ड यील्ड में कमजोरी आ गई। वहीं दूसरी चांदी समेत दूसरी कीमती धातुओं में खरीदारी आई।

जानकारों के अनुसार निवेशकों की मांग सोना और चांदी जैसे दूसरे सुरक्षित निवेश विकल्पों की तरफ बढ़ी। इसका सीधा फायदा चांदी को मिला। राजधानी भोपाल के सराफा में गुरूवार को सोना प्रति दस ग्राम मय जीएसटी के 132500 रुपए के स्तर पर रहा तो तो वहीं चांदी मय जीएसटी के 192500 रुपए प्रतिकिलो बोली गई।

### जरूरत के हिसाब से सप्लाई नहीं, जितनी चांदी चाहिए उतनी नहीं मिल पा रही

दस नंबर मार्केट स्थित ज्वैलर्स आनंद सोनी के अनुसार देशभर में चांदी के दाम तेजी से ऊपर जा रहे हैं और इसके पीछे कई बड़ी वजहें हैं। चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है क्योंकि इसका इस्तेमाल गहनों के अलावा मोबाइल, बैटरी और सोलर पैनल जैसे जरूरी सामान बनाने में होता है,लेकिन इतनी ज्यादा जरूरत के हिसाब से बाजार में सप्लाई नहीं है यानी जितनी चांदी चाहिए उतनी मिल नहीं पा रही है। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के वायदा भाव की शुरुआत गुरूवार को तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रैक्ट 454 रुपए की तेजी के साथ 1,30,250 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 526 रुपए की तेजी के साथ 1,30,322 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। जबकि एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,173 रुपए की तेजी के साथ 1,89,908 रुपए पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 3,119 रुपए की तेजी के साथ 1,91,854 रुपए के भाव पर कारोबार किया और 1,92,529 रुपये के भाव पर उच्च स्तर छू लिया।

## एएमसी के आईपीओ से पहले 26 निवेशकों ने लगाए 4815 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक की अनुषंगी कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) में 26 घरेलू और विदेशी निवेशकों ने आईपीओ से पहले के वित्तपोषण दौर में 4,815 करोड़ रुपये लगाए हैं। एएमसी ने एक सार्वजनिक घोषणा में कहा कि इस वित्तपोषण दौर के तहत 2,165 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 22,240,841 इक्विटी शेयरों का निजी नियोजन किया गया। इस वित्तपोषण में अलग-अलग तरह के निवेशकों ने हिस्सा लिया। इनमें ल्यूनेट कैपिटल, एस्टेट आफ स्वर्गीय राकेश झुनझुनवाला, द रीजेंट्स ऑफ द यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, आईआईएफएल एसेट मैनेजमेंट, सर्व इन्वेस्टमेंट्स, थ्री-पी इंडिया इक्विटी फंड, पीएल अपॉर्चुनिटीज़ फंड-2, 360 वन फंड्स, व्हाइटओक कैपिटल, एचसीएल कैपिटल और दिग्गज निवेशक मनीष चोकानी एवं मधुसूदन केला शामिल थे। इन संस्थागत और वैयक्तिक निवेशकों के अलावा, एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ, कोटक लाइफ, आदित्य बिड़ला सन लाइफ, बजाज लाइफ, टाटा एआईजी, और गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस जैसी कई बीमा कंपनियों ने भी इसमें शिरकत की।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सिप्ला ने मोटापा व डायबिटीज़ के उपचार के लिए युरपीक लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** सिप्ला लिमिटेड ने टिरज़ेपाटाइड आधारित इंजेक्टेबल उपचार युरपीक के लॉन्च की घोषणा की है। सप्ताह में एक बार दिए जाने वाला यह इंजेक्शन मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज़ मेलिटस के प्रबंधन के लिए विकसित किया गया है। भारत में लिली को मंजूरी मिलने के बाद सिप्ला को इसके दूसरे ब्रांड युरपीक को वितरित और प्रमोट करने के अधिकार मिले हैं। सिप्ला के ग्लोबल सीओओ अचिन गुप्ता ने इसे भारत की दो बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों के खिलाफ "परिवर्तनकारी कदम" बताया। युरपीक छह डोज़ स्ट्रेंथ (2.5 से 15 एमजी) में क्विकपेन फॉर्मेट में उपलब्ध होगा। टिरज़ेपाटाइड दुनिया का पहला द्वि-एगोनिस्ट है, जिसे टाइप-2 डायबिटीज़ नियंत्रण और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों में वजन प्रबंधन के लिए आहार-व्यायाम के साथ सहायक उपचार के रूप में उपयोग किया जाता है। सिप्ला ने इसे देशभर मेट्रो शहरों से लेकर टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों तक व्यापक रूप से उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई है।

## वित्त मंत्रालय ने उठाया व्यापक सुधारात्मक कदम

# सार्वजनिक बैंकों की भर्ती परीक्षाएं होंगी पारदर्शी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- नतीजों की घोषणा के नए प्रावधान किया लागू

वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं और उनके परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये सुधार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया पर समान रूप से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने कहा कि वर्तमान में इन सभी श्रेणियों के बैंकों में भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से की जाती है।

### पहले एसबीआई के परीणाम जारी किए जाएंगे

नए ढांचे के तहत अब सबसे पहले एसबीआई की भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जाएंगे। इसके बाद राष्ट्रीयकृत बैंकों और अंत में आरआरबी के परिणाम घोषित होंगे। इस दौरान अधिकारी स्तर की परीक्षाओं के परिणाम पहले जारी होंगे और क्लर्क स्तर की परीक्षाओं के परिणाम उसके बाद इसी क्रम में जारी होंगे।



### आरआरबी में चयनित उम्मीदवार पीएसयू में चले जाते हैं

आरआरबी की परीक्षाएं पहले आयोजित होती हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं एसबीआई की परीक्षाएं उसके बाद होती हैं। परिणाम भी इसी क्रम में घोषित किए जाते हैं। बयान के मुताबिक, हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति सामने आई है कि आरआरबी में चयनित कई उम्मीदवार राष्ट्रीयकृत बैंकों और वहां से एसबीआई में चले जाते हैं।

### उम्मीदवारों को निर्णय लेने में मदद करेगी

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह भर्ती प्रणाली उम्मीदवारों को समय पर निर्णय लेने में मदद करेगी, भर्ती प्रक्रिया में स्थिरता लाएगी और बैंकिंग कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की समस्या को काफी हद तक कम करेगी। नई व्यवस्था से मानव संसाधन योजना में सुधार होने और कार्यबल की निरंतरता सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

### नौकरी छोड़ने का उच्चस्तर देखने मिलता है

इससेसंबंधित बैंकों में नौकरी छोड़ने का उच्च स्तर देखने को मिलता है और कामकाज के संचालन में दिक्कतें पैदा होती हैं। डीएफएस ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए बैंकों की भर्ती प्रक्रिया और परिणाम घोषित करने के मौजूदा चलन की समीक्षा की।

*नतीजों की घोषणा एकसमान हो : इसके बाद भारतीय बैंक संघ को सलाह दी गई कि सभी श्रेणी के बैंकों में भर्ती परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा एकसमान और तार्किक क्रम में की जाए, ताकि उम्मीदवारों की प्राथमिकता स्पष्ट हो सके और बैंकों की मानव संसाधन योजना अधिक प्रभावी बन सके।*

## राशिफल

**मेष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** – खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** – कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** – कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## आईआरपीआरए '40 अंडर 40' के चौथे संस्करण के लिए जूरी की घोषणा

**नई दिल्ली।** इंडिया रीजनल पब्लिक रिलेशन्स अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए) '40 अंडर 40' के चौथे संस्करण के लिए जूरी पैनल का ऐलान कर दिया गया है। अवॉर्ड समारोह 10 जनवरी 2026 को वर्चुअल रूप से आयोजित होगा। देशभर के पीआर व कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन क्षेत्र के चुनिंदा विशेषज्ञ जूरी में शामिल किए गए हैं। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है और नामांकन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। यह अवॉर्ड देश के उभरते पीआर प्रोफेशनल्स को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है और इसमें भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क है।




## शब्द पहेली - 6075



**बाएँ से दाएं**
1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6074 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6085

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6084 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

संसद में 9वें दिन राज्यसभा में चुनाव सुधार और वंदे मातरम पर बहस, नड्डा बोले

# तत्कालीन सरकार ने राष्ट्रगीत को नहीं दिया उचित सम्मान, इसका अपमान किया गया, नेहरू ने इसकी पृष्ठभूमि को मुस्लिम समुदाय के लिए बताया था असहज

नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी अपनी जिम्मेदारी से भी बच रही है।





## सरकार का उद्देश्य किसी की छवि खराब करना नहीं

**वंदे मातरम के 150 साल पर चर्चा का जवाब दिया**

एजेंसी नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'वंदे मातरम के 150 साल' पर हुई चर्चा का जवाब दिया। नड्डा ने चर्चा का जवाब देने के दौरान कहा कि स्वतंत्रता के बाद वंदे मातरम को उचित सम्मान नहीं मिला और इसके लिए तत्कालीन सरकार जिम्मेदार है। नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी नेता, विशेषकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छवि खराब करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों को ठीक तरह से रखना है। राष्ट्रगीत को सम्मान न मिलने के लिए उस समय की सरकार जिम्मेदार थी। कांग्रेस अनुकूल परिस्थितियों में नेहरू युग का श्रेय लेती है, लेकिन प्रतिकूल स्थितियों में जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वंदे मातरम का अपमान करने पर किसी दंड का प्रावधान नहीं है। इसके बाद चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत हुई।

कहां गया नेहरू युग जिम्मेदारी लेने से क्यों बच रहे?


राज्यसभा में जेपी नड्डा ने चर्चा का किया समापन

### प्रस्ताव में पहले दो अंतरे गाने का किया जिक्र फिर कुछ भी गाएं

नड्डा ने वंदे मातरम को केवल दो अंतरों तक सीमित करने से संबंधित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में कहा गया था कि राष्ट्रीय आयोजनों में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो अंतरे ही गाए जाएं और आयोजकों को यह स्वतंत्रता हो कि वे वंदे मातरम के अलावा किसी अन्य आपत्तिहीन गीत को, चाहें उसके साथ या उसकी जगह, गाने का निर्णय स्वयं लें।

### जिन्ना ने इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित किया, नेहरू ने नहीं किया विरोध

नड्डा ने बताया कि संविधान सभा के तीन वर्ष के कार्यकाल में कुल 167 कार्य दिवस हुए, लेकिन राष्ट्रीय गान पर औपचारिक रूप से नौ मिनट से भी कम समय दिया गया। अनेक सदस्यों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद इस विषय पर विस्तृत चर्चा की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ सत्र में वंदे मातरम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। नेहरू ने विरोध करने के बजाय वंदे मातरम को लेकर जांच शुरू करवाई और 20 अक्टूबर को सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि वंदे मातरम की पृष्ठभूमि मुस्लिम समुदाय को असहज कर सकती है।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले**




### एथेनॉल ब्लेंडिंग से पुरानी गाड़ियों पर कोई असर नहीं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरदीप सिंह पुरी ने देश में पेट्रोल-डीजल की खपत और एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर बताया कि यह बदलाव न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा है। किसानों और आम जनता की जेब के लिए भी फायदेमंद है।

स्पीकर ओम बिरला ने कहा

### आप संक्षिप्त सवाल करें मंत्रियों से भी अपील की



स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल में संक्षिप्त सवाल करने की अपील करते हुए कहा, एक घंटे के प्रश्नकाल में 20 सवाल होते हैं। उनका प्रयास होता है कि जिन लोगों ने कभी सवाल नहीं किए उन्हें मौका दिया जाए। मंत्रियों से सदन की अपेक्षा को लेकर स्पीकर ने कहा, जवाब संक्षेप में दिया जाना चाहिए, ताकि अधिकांश सवालों को समाहित किया जा सके।

नेताओं ने भी बात रखी

### शाह के भाषण से नेहरू परिवार हिल गया: गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की रणनीति है कि वे आते हैं और चले जाते हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बोलने पर वे उठकर चले जाते हैं। उनमें सच सुनने की हिम्मत नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से पूरा नेहरू परिवार हिल गया।

## संसद में शाह बहुत नर्वस थे: राहुल

**नेता प्रतिपक्ष का दावा**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत 'नर्वस' नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।



### वंदे मातरम की वर्षगांठ पर चर्चा या नेहरू पर?



मल्लिकार्जुन खरगे ने नड्डा को बीच में टोका और कहा कि आपके नेता ने इसे खुद स्वीकार किया था। आपके नेता उस समय की सरकार में शामिल थे। जिन चीजों में आपकी सहभागिता थी, आपके अध्यक्ष भी उसमें शामिल थे। उसी बात को आप यहां नकार रहे हैं। खरगे ने यह भी कहा कि यह बहस वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हो रही है या जवाहरलाल नेहरू पर?

### ईसी को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है?



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को वाकई चिंता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि विपक्ष ने आयोग पर से अपना भरोसा क्यों खो दिया है? दूसरा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है? यह पूरी तरह से अवैध प्रक्रिया है।

### एसआईआर को लेकर जल्दबाजी क्यों? चंद्रशेखर



आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि चुनावों के दौरान खर्च की जा रही धनराशि का मतलब है कि उसके बाद किसी गरीब का बेटा कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। मतदान का अधिकार हमारी शक्ति है और इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### रायबरेली में रेल कोच रेस्टोरेंट में लगी आग



**रायबरेली।** बछरावां में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सरेल कोच रेस्टोरेंट में गुरुवार सुबह 9 बजे आग लग गई। यह करीब डेढ़ घंटे तक धू-धूकर जलता रहा। लोगों और दुकानदारों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पाया जा सका। जब तक दमकल पहुंचा, कई हिस्सा खाक हो चुका था।

### बिना अनुमति खान की तस्वीरों का इस्तेमाल बैन



**नई दिल्ली।** डिजिटल दौर में अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अभिनेता सलमान खान ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की व्यापक कानूनी सुरक्षा की मांग की है। सुनवाई जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने की।

### हनुमानगढ़ में बवाल से 30 परिवारों ने घर छोड़ा



**हनुमानगढ़।** जिले में गुरुवार का दिन भी तनावपूर्ण बना रहा। यहां किसानों और विपक्षी नेताओं ने चेतावनी दी कि निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। हालात ये हैं कि फैक्टरी के पास रहने वाले 30 परिवार डर की वजह से अपने घर छोड़कर जा चुके हैं।

### पंजाब में पुजारी के बेटे की कोर्ट परिसर में हत्या



**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में एक मंदिर के पुजारी के बेटे की हत्या कर दी गई। हत्या अबोहर के अदालत परिसर में हुई। मरने वाले का नाम गोलू पंडित था और वह अबोहर के जोड़ी मंदिर के पुजारी अवनीश पंडित के बेटे थे गोलीबारी की यह घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे हुई और इससे घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

---

अनुराग ने लोकसभा में ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया

# पूरे देश में इस पर प्रतिबंध के बावजूद टीएमसी सांसद ने सदन के नियमों का उल्लंघन किया

एजेंसी नई दिल्ली

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश से निर्वाचित लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। अनुराग ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के अनुसार समुचित जांच कराई जाएगी। अनुराग ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन संसद में तृणमूल कांग्रेस सांसद ई-सिगरेट पी रहे हैं। उनकी इस बात को गंभीरता से लेते हुए, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसदीय नियमावली के तहत इस घटना की जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि संसद की मर्यादा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्पीकर से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की

**बिरला ने समुचित जांच कराने की बात कही**


लोकसभा में अपनी बात रखते अनुराग ठाकुर

### स्पीकर से व्यवस्था पर की अपील

अनुराग ने दोपहर करीब 11.27 बजे प्रश्न पूछा। उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के मंत्री सीआर पाटिल से पूछा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार ने तटीयकरण के लिए कितना फंड आवंटित किया? इसके बाद उन्होंने स्पीकर ओम बिरला से सदन की व्यवस्था से जुड़ा सवाल किया। ठाकुर को बिरला ने बताया कि कोई भी सदस्य स्पीकर से सवाल नहीं, अपील कर सकता है। इस पर भाजपा सांसद ने कहा कि वे सवाल नहीं कर रहे, आग्रह करना चाहते हैं।

### सदन के नियमों को तोड़ा तो कार्रवाई होगी: बिरला

ठाकुर ने कहा कि देशभर में ई-सिगरेट बैन हो चुकी है। क्या सदन में इसकी अनुमति दी गई है? टीएमसी के सांसद कई दिनों से लगातार बैठकर पी रहे हैं। इसकी जांच करानी चाहिए। भाजपा सांसद की गंभीर आपत्ति पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि मैं सभी सदस्यों से पुनः आग्रह करता हूं। हमें संसदीय परंपराओं और नियमों का अनुपालन करना चाहिए। कोई भी सदस्य ऐसा कोई विषय लेकर आएगा को निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

त्रिवेदी ने संसद में खोला इतिहास का 'अनसुना' पन्ना

## आंबेडकर की हार पर नेहरू ने एडविना को क्यों लिखा पत्र? 34, 000 वोटों को क्यों किया रद्द?

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को इतिहास का अनसुना पन्ना खोल दिया। त्रिवेदी ने कांग्रेस के शासनकाल और विशेष रूप से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के एक पत्र का जिक्र करते हुए इतिहास की कई परतों को उधेड़ दिया। त्रिवेदी ने 1952 के पहले आम चुनाव का जिक्र किया। इस चुनाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर भी बॉम्बे (अब मुंबई) नार्थ सीट से चुनावी मैदान में थे। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें हराने वाले कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार नारायण काजोलकर थे। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि 34000 वोट रद्द करके उन्हें 15000 वोट से हरा दिया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को एक पत्र लिखा था। सुधांशु ने सदन को बताया कि नेहरू ने माउंटबेटन को लिखा था।

### आंबेडकर के प्रति कांग्रेस का दृष्टिकोण बताया



त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर यह भी लिखा था कि आंबेडकर हिंदू कम्युनिस्टों के साथ हाथ मिला रहे हैं। त्रिवेदी का तर्क था कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि उस समय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आंबेडकर के प्रति किस तरह का दृष्टिकोण रखता था।

### पहली 'चुनावी याचिका' आंबेडकर ने दी कांग्रेस का कारनामा इतिहास में दर्ज

सुधांशु याद दिलाया कि भारत के इतिहास में पहली चुनावी याचिका किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. आंबेडकर ने दायर की थी, क्योंकि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और अपनी हार पर संदेह था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी आज लोकतंत्र और संविधान बचाने की दुहाई देती है, उसने अपने शासनकाल में संविधान निर्माता के साथ कैसा व्यवहार किया था, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है?

### बैलेट बॉक्स लूटने, बूथ कैप्चरिंग का दौर अब नहीं आएगा

सुधांशु ने कहा कि यह सब इंदिरा गांधी की चुनावी जीत पर अदालत में सवाल उठाए जाने का ही परिणाम था। अब बैलेट बाक्स, बूथ लूट नहीं हो पाएगा।

---

बहराइच हिंसा मामले में फैसला

## सरफराज को फांसी की सजा, 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल की हत्या की


बहराइच में हिंसा वाला स्थान

एजेंसी बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में 13 अक्टूबर 2024 को सांप्रदायिक दंगे हुए थे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान यह दंगे हुए थे और इसमें रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार की थी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई और जमकर तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में 13 लोग आरोपी बनाए गए थे। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज था। जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया है और सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है जबकि 9 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 3 को बरी कर दिया गया।

### रामगोपाल को अगवा किया, तड़पाकर मारा

पुलिस ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी मौत गोली लगने से ही हुई थी। पुलिस ने यह भी कहा था कि इस पूरी घटना में केवल रामगोपाल मिश्रा की ही मौत हुई थी। आरोपियों ने पहले रामगोपाल को अगवा कर लिया था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। रामगोपाल मिश्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गोली लगने से उनकी मौत हुई थी। उनके चेहरे, गले और सीने में गोली के करीब 30 छर्रे के निशान पाए गए थे। राम गोपाल मिश्रा 22 साल के थे। बीच में अफवाह उड़ी थी कि रामगोपाल को मारने से पहले काफी तड़पाया गया था और उनके साथ बर्बरता की गई थी।

### इन धाराओं में दर्ज था मुकदमा

बहराइच के जिला सत्र न्यायालय के अपर जिला जज पवन कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया। मामले का ट्रायल 13 महीने तक चला और उसके बाद अदालत ने 10 अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट में सभी सबूत और गवाहों की गवाही के बाद यह सजा सुनाई गई। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191/2, 191/3, 190, 103/2, 249 और 61/2 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

---

एसआईआर पर सीएम ममता ने कहा

## किसी महिला का नाम कटा तो रसोई के औजारों से करें पिटाई

एजेंसी कोलकाता



पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राज्य में सर प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम ममता बेनर्जी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान उनके नाम हटाए जाते हैं, तो वे रसोई के औजार तैयार रखें। ममता ने बंगाल के कृष्णनगर में एक रैली में कहा कि क्या आप एसआईआर के नाम पर माताओं और बहनों के अधिकार छीन लेंगे? वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस लाएंगे।

### महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा?

उन्होंने कहा कि वह देखना चाहती हैं कि महिलाएं ज्यादा शक्तिशाली हैं या भाजपा। उन्होंने कहा कि मैं सांप्रदायिकता में विश्वास नहीं करती। धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती हूं। जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा पैसे का इस्तेमाल और लोगों को बांटने के लिए दूसरे राज्यों से लोगों को लाने की कोशिश करती है।

---

कर्नाटक विधानसभा में विशेष बिल किया गया पेश

# किसी का सामाजिक बहिष्कार किया तो होगी जेल

एजेंसी बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो खासकर जाति पंचायतों द्वारा किसी व्यक्ति या परिवारों या समूह के सामाजिक बहिष्कार या उसका हुक्का पानी बंद करने के फैसले या ऐसे कदम पर रोक लगाता है और इसे अपराध घोषित करता है। इस विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 3 साल तक की जेल की सजा और एक लाख रुपए के जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। राज्य के समाज कल्याण मंत्री एच सी महादेवप्पा ने विधानसभा में 'कर्नाटक सामाजिक बहिष्कार (रोकथाम, निषेध और निवारण) विधेयक, 2025' पेश किया है, जिसमें सामाजिक बहिष्कार के 20 रूप बताए गए हैं।


उपमुख्यमंत्री डीके की तरफ से मंत्री ने पेश किया
कर्नाटक विधानसभा

## जाति पंचायतों द्वारा लोगों का कर दिया जा रहा हुक्का पानी बंद

### किसी भी तरीके से रोकना या बोलना अब प्रतिबंधित

इन बहिष्कारों में किसी के साथ लेन-देन करने, उसके लिए काम करने या कारोबार करने से मना करना, मौके देने से मना करना। किसी भी आधार पर सामाजिक, धार्मिक या सामुदायिक कार्यक्रमों, सभाओं, बैठकों या जुलूसों में भाग लेने से पीड़ित पक्ष को रोकना, उसका सामाजिक बहिष्कार करना, संबंध तोड़ना और अन्य कई बातें भी उसके अंतर्गत आती हैं।

### मंत्री महादेवप्पा ने विधेयक सदन में रखा

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की ओर से मंत्री महादेवप्पा ने पेश किया। यह वृहत बेंगलुरु शासन अधिनियम 2024 में संशोधन का प्रस्ताव करता है ताकि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधानपरिषद के सदस्यों को 'ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी' के सदस्यों के रूप में शामिल किया जा सके।

### सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ रहा

इसें कहा कि राज्य में अलग-अलग समुदायों में अब भी जाति या समुदाय पंचायतों जैसी गैर-न्यायिक संस्थाओं द्वारा बहिष्कार, अलग-अलग सजा देना जैसे संवैधानिक तरीके चलन में हैं, जिसके कारण व्यक्तियों या समूहों को सम्मान के साथ जीवन जीने में बहुत परेशानी होती है। विधेयक में कहा गया है कि इसका समुदाय के सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ता है।



# लियोनल मेसी के साथ फोटो खिंचवाना हो तो चुकाने पड़ेंगे 10 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के प्रशंसक विश्व भर में मौजूद हैं। वह 13 दिसंबर को हैदराबाद में आएंगे, जहां उन्हें कुछ खास कार्यक्रमों में हिस्सा लेना है। भारत में मौजूद उनके प्रशंसकों के पास इस फुटबॉल दिग्गज के साथ फोटो खिंचवाने का सुनहरा मौका मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी जेब से लगभग 10 लाख रुपये खर्च करने होंगे।

फलकनुमा पैलेस में खिंचवाए जाएंगे फोटो मेसी के शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद है,

## शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद

जिसके बाद वह उप्पल स्टेडियम जाएंगे, जहां शाम 7 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी के साथ फोटो खिंचाने के लिए 9.95 लाख रुपये और जीएसटी भी चुकाने होंगे। इस अनुभव के लिए सिर्फ 100 स्लॉट उपलब्ध हैं। यह प्रीमियम फोटो फलकनुमा पैलेस में खिंचवाएं जाएंगे और इसके लिए टिकट डिस्ट्रिक्ट ऐप के जरिए बेचे जा रहे हैं।


फाइल फोटो

### स्टेडियम में लगभग 1 घंटे समय बिताएंगे मेसी

गॉट टूर हैदराबाद की एडवाइजर परवती रेड्डी के अनुसार, स्टेडियम प्रोग्राम के लिए सभी टिकट कैटेगरी डिस्ट्रिक्ट ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि कोई क्रिकेटर आमंत्रित नहीं किए गए हैं और शाम में एक संगीतमय कॉन्सर्ट भी शामिल होगा।मेसी में स्टेडियम में लगभग एक घंटे रुकने की उम्मीद है और रविवार को मुंबई के लिए रवाना होने से पहले वह हैदराबाद में ही रात बिताएंगे।

### मेसी के साथ सुआरेज और रोड्रिगो भी होंगे शामिल

मेसी के साथ अर्जेंटीना के स्टार रोड्रिगो डी पॉल और उरुग्वे के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज भी हैदराबाद में कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्टेडियम इवेंट 20 मिनट के प्रदर्शनी मैच से शुरू होगा, जिसमें सिंगारेणी आरआर-9 और अपर्णा मेसी ऑल स्टार्स के बीच मुकाबला होगा। इस प्रदर्शनी मैच में कुछ युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को मेसी के सामने खेलने का सौभाग्य मिलेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मैच के आखिरी 5 मिनट में शामिल होंगे।

### सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी

मेसी सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और 2023 में यह खिताब जीता था। दूसरे स्थान पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (5 बार) हैं। उन्होंने 2008, 2013, 2014, 2016 और 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। तीसरे स्थान पर फ्रांस के माइकल प्लैटिनी हैं। उन्होंने साल 1983, 1984 और 1985 में यह खिताब जीता था। मेसी लगातार 4 बार यह खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी थे।

## खबर संक्षेप



### वुमैंस लीग फुटबॉल का 20 से कोलकाता में आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे।दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई तक आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

### करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता



**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा। आईजीपीएल मुंबई में खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली प्रणवी उर्स (71) कुल सात अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं।

### पैरा खेलों में तैराक अब्दुल इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते



**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

## बीसीसीआई की 22 दिसंबर की बैठक में होगा निर्णय

# रोहित और कोहली का होगा डिमोशन सैलरी में होगी 2 करोड़ की कटौती...!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सालाना सैलेरी में 2 करोड़ रुपये की कटौती हो सकती है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 22 दिसंबर को अपनी 31वीं सालाना आम बैठक करेगा। इस साल सबसे बड़ी चर्चा का विषय विराट कोहली और रोहित शर्मा के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हैं।

माना जा रहा है कि रोहित-विराट के ग्रेड में डिमोशन हो सकता है। मतलब उन्हें ए+ ग्रेड से ए ग्रेड में डाला जा सकता है, जिसकी असर उन्हें मिलने वाली सालाना सैलरी पर भी पड़ता दिखेगा। बता दें पिछले एक साल में दोनों दिग्गजों ने टेस्ट और T20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वे सिर्फ वनडे खेलते हैं।

### क्या कोहली और रोहित अपने ए+ कॉन्ट्रैक्ट खो देंगे?

वर्ष 2024-25 के कॉन्ट्रैक्ट साइकिल में कोहली और रोहित को जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा के साथ ए+ कैटेगरी में रखा गया था। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक,बीसीसीआई अब उनके कम फॉर्मेट में खेलने की वजह से उनके ग्रेड में बदलाव कर सकता है।

### ए+ ग्रेड में रहने वाले खिलाड़ियों की सैलरी

बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के तहत ए+ ग्रेड में रहने वाले खिलाड़ियों 7 करोड़ रुपये सालाना सैलरी मिलती है, जो कि अभी रोहित और विराट को मिल रही है। अगर वो संशोधन के बाद A ग्रेड में आते हैं तो फिर उनकी सैलरी 5 करोड़ रुपये हो जाएगी, जो कि इस ग्रेड के खिलाड़ियों को मिलती है। चूंकि दोनों सुपरस्टार अब टेस्ट या टी20 नहीं खेल रहे हैं, इसलिए यह संभावना कम है कि वे ए+ कैटेगरी में बने रहेंगे। इस बदलाव से जिस खिलाड़ी को फायदा हो सकता है, वह हैं शुभमन गिल, जो अभी टेस्ट और वनडे के कप्तान हैं। अभी ए कैटेगरी में मौजूद गिल का यह साल काफी अच्छा रहा है। उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है और सभी फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। नतीजतन, उन्हें ए+ में प्रमोशन के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। बुमराह और जडेजा से भी उम्मीद है कि वे अपना ए+ स्टेटस बनाए रखेंगे।



**शानदार बल्लेबाजी कर रहे रोहित-कोहली**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में कोहली ने 3 पारियों में 151.00 की औसत के साथ सर्वाधिक 302 रन बनाए, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। उन्होंने 1 अर्धशतक भी लगाया। उनके स्कोर 65*, 102 और 135 रन रहे थे। उनके अब 773 रेटिंग अंक हो गए हैं। वहीं भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा शीर्ष पायदान पर बने हुए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने पिछली

### कोहली और रोहित वनडे रैंकिंग में रहे टॉप -2 पर

**नई दिल्ली।** साल 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपना आखिरी वनडे मैच खेल चुकी है। अन्य प्रमुख टीमें भी इस साल के अपने वनडे मुकाबले समाप्त कर चुकी हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने हाल ही में वनडे रैंकिंग जारी की थी, जिसमें रोहित के (781) और कोहली (773) अंक है। वनडे सीरीज में शानदार बल्लेबाजी कर विराट कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे और रोहित शर्मा पर बरकरार रहे। इस बीच उन वर्षों के बारे में जानते हैं, जिसके अंत में रोहित और कोहली शीर्ष-2 बल्लेबाजों में शुमार रहे।

### कोहली-रोहित वर्ष 2018

साल 2018 के अंत में कोहली 899 रेटिंग अंक के साथ नंबर-1 बल्लेबाज रहे थे, जबकि रोहित 871 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। उस साल कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 14 पारियों में 133.55 की औसत और 102.55 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,202 रन बनाए थे। रोहित ने 19 पारियों में 73.57 की औसत के साथ 1,030 रन बनाए थे। कोहली ने 6 और रोहित ने 5 शतक लगाए थे।

**वर्ष 2019** - कोहली 887, रोहित 873 अंक वर्ष 2019 के अंत में भी कोहली ने शीर्ष स्थान पर और रोहित दूसरे स्थान पर रहे थे। उस साल रोहित सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 27 पारियों में 57.30 की औसत और 89.92 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,490 रन बनाए थे। उन्होंने विश्व कप 2019 में भी सर्वाधिक 648 रन बनाए थे। कोहली ने 25 पारियों में 59.86 की औसत 96.36 की स्ट्राइक रेट से 1,377 रन बनाए थे।

## टी20 सीरीज

# श्रीलंका के खिलाफ भारत कमान संभालेंगी हरमनप्रीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने जा रही पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेलने वालीं शेफाली को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान में कहा, "महिला चयन समिति ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आगामी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम चुन ली है।" हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। इस टीम में जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को भी मौका दिया गया है। दोनों ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेला था।

### भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्रेज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

### न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में युवराज-हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

**मुल्लांपुर।** विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस मौके पर मौजूद थे। स्टेडियम में युवराज के पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम पर पहले से एक पवेलियन है और अब बृहस्पतिवार को साइटस्क्रीन के दूसरी तरफ हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड भी शामिल हो गया। युवराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भी देखा गया।

## एशेज सीरीज

# लंबे समय बाद मैदान में दिखेंगे कमिंस तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 का तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से खेला जाना है, जिसके लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। एडिलेड टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम में कप्तान पैट कमिंस की वापसी हुई है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट की वजह से लंबे समय से टेस्ट नहीं खेले हैं।

उन्होंने इस साल जुलाई में सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। बता दें कि कमिंस सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट में नहीं खेले। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में मेजबान टीम ने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी।

### उस्मान ख्वाजा को भी मिली जगह

उस्मान ख्वाजा ने भी टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। वह पर्थ में खास प्रदर्शन नहीं कर सके और पीठ की चोट की वजह से गाबा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ब्रिस्बेन में नेट्स पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, ख्वाजा फिट और उपलब्ध होने चाहिए। ऐसा माना जाता है कि वह सिर्फ ओपनिंग ही कर सकते हैं। हालांकि, वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं।

**ऐसी है ऑस्ट्रेलिया की टीम**

तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

### अंडर 19 वर्ल्ड कप क्रिकेट में भारत-पाक की ग्रुप स्टेज में नहीं होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर-19 पुरुष विश्व कप 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट जनवरी और फरवरी में नामीबिया और जिम्बाब्वे में आयोजित होगा। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान की टीमें अलग-अलग ग्रुप में रखी गई हैं। इसलिए ग्रुप चरण में दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला नहीं होगा। सुपर सिक्स और नॉकआउट चरण में भारत और पाकिस्तान की टक्कर संभव है। यह टूर्नामेंट युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। दोनों देशों के युवा खिलाड़ी इस मौके का इंतजार कर रहे हैं।

# मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड आर्सेनल जीता, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच जाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। बता दें कि केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।



### रियाल मैड्रिड ने जीते हैं सिर्फ दो मैच

रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।

## आईसीसी ने किया ऐलान

# टी-20 विश्व कप के टिकट सिर्फ 100 रु से होंगे शुरू

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने जा रहा है। 7 फरवरी से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मुताबिक, गुरुवार 11 दिसंबर से ऑनलाइन टिकट बेचे जाना शुरू हो गए हैं। दिलचस्प रूप से जिन मैचों में भारतीय टीम शामिल नहीं होगी, उन मैचों के सबसे सस्ते टिकट 100 रुपये के होंगे।

International Cricket Council

### क्या बोले सचिव देवजीत सैकिया

भारत में टिकटों की कीमत 100 रुपये और श्रीलंका में 1000 (श्रीलंकाई रुपया) से शुरू हो रही है। 20 लाख से ज्यादा टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, सिर्फ 100 रुपये से शुरू होने वाले टिकटों के साथ, टी-20 विश्व कप 2026 को लेकर उत्साह कई गुना बढ़ गया है। हम मैच के अनुभवों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया का रहा शानदार सफर

# इस साल भारतीय टीम का रहा दमदार प्रदर्शन, जीती चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए वनडे क्रिकेट में यह साल शानदार बीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बाद रोहित की जगह शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज पर भी कब्जा जमाया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत को सीरीज गंवानी पड़ी। इस बीच 2025 में भारतीय टीम के प्रदर्शन और प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



**भारत ने इस साल जीते कुल 11 वनडे**

भारत ने इस साल कुल 14 वनडे मैच खेले, जिसमें से 11 में जीत दर्ज की और 3 में शिकस्त का सामना किया। भारत ने फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घर पर वनडे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद दुबई में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी को जीता। अक्टूबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज में 1-2 से हार झेली। नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से सीरीज में हराया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहते हुए जीती

भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर सकारात्मक शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 44 रन से हराया था। इस ग्रुप से भारत ने शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से और फाइनल में न्यूजीलैंड को शिकस्त दी थी। विराट कोहली ने इस साल वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 13 मैचों में 65.10 की औसत और 96.15 की स्ट्राइक रेट से 651 रन बनाए। उन्होंने इस साल 7 स्कोर 50+ रन के किए, जिनमें 3 शतक शामिल रहे। रोहित ने 14 वनडे में 50 की औसत और 100.46 की स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।




### जहरीले कफ सिरप मामले में आरोपी डॉक्टर का दावा-

# औषधि विभाग सही जांच करता तो बच्चों की मौत नहीं होती

## हाईकोर्ट में दस्तावेज किए प्रस्तुत

**जबलपुर।** प्रदेश में जानलेवा कफ सिरप से हुई 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोनी के अधिवक्ता ने कोर्ट में दस्तावेज पेश करते हुए दावा किया कि बच्चों की मौत उसी सॉल्वेंट से हुई है, जो श्रीसन फार्मा कंपनी ने बैच नंबर 13 में मिलाया था। अगर औषधि विभाग उस बैच की जांच करता तो बच्चों की मौत नहीं होती। जस्टिस जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने इसे रिकॉर्ड पर लेकर अगली सुनवाई 17 दिसंबर वाले सप्ताह में करने के निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि छिंडवाडा में जहरीले कफ सिरप से 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंडवाडा में अधिकांश को डॉ प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कप सिरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डॉ प्रवीण सोनी व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद आरोपी डॉक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है।
जमानत याचिका में कहा गया है कि डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमत्ति आवश्यक है। पुलिस ने बिना अनुमत्ति ही प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होने डॉक्टर होने के नाते बच्चों को कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। कफ सिरप बनाने तथा उसे बेचने की अनुमत्ति निर्माण कंपनी को सरकार के संबंधित विभागों ने प्रदान की है। उनकी कफ सिरप के बनाने में कोई भूमिका नहीं थी। वह कप सिरप की निर्माता व विक्रेता नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने डॉ सोनी का पक्ष रखते हुए कहा कि कहा गया कि वह पिछले 20 सालों से यह दवा लिख रहे हैं, लेकिन कभी भी उसका रिएक्शन सामने नहीं आया। कंपनी द्वारा की गई गलती की सजा याचिकाकर्ता भुगत रहे हैं। संबंधित बैच की औषधि विभाग ने जांच नहीं की थी।

## थानेदार के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणियां निरस्त

**भोपाल की विशेष अदालत ने की थीं टिप्पणियां**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल की विशेष अदालत द्वारा एक थानेदार के विरुद्ध की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को अनुचित पाया। इसी के साथ जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने इन टिप्पणियों को निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध की गई टिप्पणियां याचिकाकर्ता को सुनवाई का पूर्व अवसर दिए बिना दर्ज की गई थीं, जो कि न्याय संगत नहीं है। इस प्रकार की टिप्पणी करने से पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिया जाना था। कोर्ट दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह पाया कि ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिए बिना ही उनके विरुद्ध लापरवाही एवं दोषपूर्ण जांच संबंधी टिप्पणी दर्ज की थीं। इसीलिए उस आदेश की पैरा-31 में दर्ज सभी प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाते हुए स्पष्ट किया जाता है कि अब वे टिप्पणियां याचिकाकर्ता के विरुद्ध नहीं पढ़ी जाएंगी। इस आदेश के साथ ही याचिका का निराकरण कर दिया गया। दरअसल, भोपाल की विशेष अदालत ने 27 मार्च, 2025 को राज्य बनाम किशन लाल यादव प्रकरण में पारित आदेश में अयोध्या नगर थाना, भोपाल के तत्कालीन निरीक्षक महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणियां कर दी थीं।

## अपनी मर्जी से अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं

### कुटुम्ब न्यायालय का आदेश

**जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजय सिंह कावछात्र की अदालत ने अपने एक आदेश में साफ किया कि अपनी मर्जी से अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं है। इस मत के साथ कोर्ट ने पत्नी की भरणपोषण की अर्जी निरस्त कर दी। अनावेदक संदीप यादव की ओर से अधिवक्ता अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अनावेदक की पत्नी सारिका यादव ने भरण-पोषण की मांग की है। उसका कहना है कि अनावेदक पति केंद्रीय कर्मी है और उसका वेतन एक लाख रुपये प्रतिमाह है। पारिवारिक विवाद के बाद से अलग रह रही है। लिहाजा, जीवन निर्वहन हेतु 40 हजार रुपये भत्ता प्रतिमाह दिलाया जाए। अनावेदक पति का कहना है कि आवेदिका स्वयं अनावेदक व पुत्री को छोडकर ससुराल से बिना किसी को बताए चली गई थी। विवाह के बाद से उनके दाम्पत्य संबंध सामान्य नहीं रहे। वर्ष 2016 में आवेदिका संबंध समाप्त करने का इरादा जाहिर कर दिया था। आवेदिका ने कभी अनावेदक व बच्ची को समय पर खाना बनाकर नहीं दिया, भोजन मांगने पर बच्चों को जलाने, मारने पीटने का कृत्य करती थी। बच्चे दिन भर भूखे रहते थे। अनावेदक बिना टिफिन के आफिस जाता था। आवेदिका बच्चों को अक्सर घर पर छोडकर बिना बताये मायके चली जाती थी। न्यायालय ने संपूर्ण साक्ष्यों की विवेचना के पश्चात यह निर्णय किया कि आवेदिका की साक्ष्य से आवेदिका यह प्रमाणित कर पाने में असफल रही है कि उसका अनावेदक से पृथक रहने का पर्याप्त व संतोषजनक कारण है।

## शुगर फ्री में कौन सा केमिकल उपयोग हो रहा?

### कलेक्टर ने दिये जांच के निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिये लगातार कार्यवाही की जाए। अमानक खाद्य पदार्थों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए. कलेक्टर यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि बेकरी में निर्मित खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण करें, शुगर फ्री के नाम पर कौन से केमिकल का उपयोग हो रहा है इसकी जांच करें। ब्रेड, क्रीम, चॉकलेट, कोड्रिंग्स तथा खाद्य पदार्थों में उपयोग किये जाने वाले कलर का सेंपलिंग करें। यदि प्रोपर स्टोरेज नहीं है तो प्रतिष्ठान को सील करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन, दीनदयाल रसाई, अस्पताल, बालगृह व सामाजिक संस्थाओं द्वारा दिये जाने वाले निशुल्क खाद्य सामग्रियों की जांच करें। इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जितने प्रकार के रोस्टेड ग्रेन्स हैं जिनमें निर्माण तिथि नहीं है उनकी जांच करें। रात के समय बिकने वाले नॉनवेज तथा ठेले में बिकने वाले सामग्रियों की जांच के साथ चायनीज कार्नर में बिकने वाले सामग्रियों की भी जांच की जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने फूड सेफ्टी अधिकारी से कहा कि वे सब्जियों की जांच भी उचित तरीके से करना सुनिश्चित करें।




### खनिज विभाग की बैठक

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने खनिज विभाग की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खनिज से जुड़े प्रकरणों का प्रतिदिन जांच करें और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही डीएमएफ से जो भी अच्छे कार्य हुये हैं उनकी वीडियोग्राफी और डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिये।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत सी वर्ल्ड पार्क के सामने मेट्रो बस से उतरकर रोड पार कर रही एक वृद्ध महिला को अज्ञात फोर व्हीलर के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।
भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिल्पीनगर निवासी 62 वर्षीय रज्जो बी गत दोपहर लगभग 2 बजे घर से शिल्पीनगर से काम करने मेट्रो सिटी बस से तेवर गई थी। मेट्रो बस से रोड पार कर रही थी तभी एक अज्ञात फोर व्हीलर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उसकी बेटी रोज बी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात फोर व्हीलर वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सहकारिता निरीक्षक और रीडर रिश्वत लेते पकड़ाए



### ट्रेप : बालाघाट और नरसिंहपुर में लोकायुक्त जबलपुर की कार्रवाई

जबलपुर। जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने संभाग के बालाघाट व नरसिंहपुर में कार्रवाई करते हुए दो रिश्वतखोर को रंगे हाथों पकड़ा। नरसिंहपुर में सहकारिता निरीक्षक को उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में 3 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, उन्होंने सहायक प्रबंधक समिति सिमरिया तहसील गोटेगांव के कर्मचारियों का अक्टूबर नवंबर का वेतन निकालने के बदले में तीन हजार रिश्वत की मांग की थी, इसी तरह बालाघाट में नायब तहसीलदार के रीडर ने केस खत्म करने के बदले मलाजखंड बालाघाट निवासी संतोष डेकवार से 3 हजार की रिश्वत मांगी। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि बिरसा बालाघाट में नायब तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ रीडर राजकुमार रामटेके ने आवेदक संतोष डेकवार के खिलाफ चल रहे धारा 126,135(3) बीएनएस के तहत प्रकरण को खत्म करने के बदले में रिश्वत में तीन हजार रुपए मांगे थे। शिकायत सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने ट्रेप किया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)बी, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया, ट्रेप कर्ता निरीक्षक जितेंद्र यादव एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल था।

### वेतन निकालने के बदले रिश्वत मांगी

इसी प्रकार नरसिंहपुर के उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में पदस्थ आरोपी सहकारिता निरीक्षक संजय दुबे को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आवेदक देवी तिवारी सहायक प्रबंधक समिति सिमरिया तहसील गोटेगांव ने शिकायत की थी कि, समिति के कर्मचारियों का अक्टूबर, नवंबर माह का वेतन निकालने के बदले में तीन हजार रुपए की मांग की गई थी, शिकायत सत्यापन के बाद जबलपुर से गई लोकायुक्त की टीम में शामिल निरीक्षक राहुल गजभिए, दल प्रभारी निरीक्षक शशिकला मस्कुले, एवं अन्य स्टॉफ ने रंगे हाथो ट्रैप किया।



## टैक्टर की टक्कर से रोटरवेटर में फंसे युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम नुनियाकला स्थित एक खेत की मेढ़ के पास खड़े एक युवक को एक ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे रोटर वेटर में फंसकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।
पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नुनियाकला निवासी 25 वर्षीय सुनील बर्मन गांव के सतीश पटेल के खेत में मजदूरी करने सतीश पटेल के टेक्टर में बैठकर गया था। टेक्टर में रोटरवेटर लगा हुआ था। गत दिवस खेत बखरकर शाम लगभग 6.30 बजे लौटते समय सुनील बर्मन गांव के लल्लू पटेल के खेत के मेढ़ के पास खड़ा था, तभी वहां टेक्टर चालक ने टेक्टर को तेज गति से चलाते हुए सुनील बर्मन को टक्कर मार दी, जिससे रोटर वेटर में सुनील फंस गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## 580 बोरे गेहूं लोड कर ट्रक चालक फरार

### ट्रक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धोखाधड़ी

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने एक ट्रक चालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गत 1 दिसंबर को सिवनी एक ट्रांसपोर्ट कंपनी ने अपना ट्रक ड्रायवर अनस खान को लेकर पनागर वेयर हाउस से 580 बोरे लगभग 34.940 क्विंटल गेहूं लोड कर हैदराबाद विजय फ्लोर मिल ले जाने भेजा था, लेकिन ड्राइवर माल लेकर फरार हो गया, उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। ट्रांसपोर्ट मालिक रकीब खान ने जब ड्राइवर की पतासाजी की तब उसे ज्ञात हुआ कि चौबे उमरिया जयंती हाउस से ड्राइवर अनस खान एक दिसंबर को ट्रक क्रमांक एमएच 43 सीएम 2786 में माल लोड कर निकला। पनागर पुलिस ने बताया कि सीसीटीव्ही फुटेज के अधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त ट्रक का चालक अनस खान प्रतापगढ़ का रहने वाला है जिसने ट्रक क्रमांक यूपी 70 एल टी 6708 में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर उसके ग्राहक के माल की अफरा तफरी कर धोखाधड़ी की है। लिखित शिकायत पर पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि गत 1 दिसंबर 2025 को ट्रक क्रमांक यूपी 70 एल टी 6708 के ट्रक चालक अनस खान द्वारा ट्रक की असली नम्बर प्लेट के स्थान पर ट्रक में एम एच 43 सीएम 2786 नम्बर प्लेट लगाकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 318(2), 316(3)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कछपुरा ब्रिज की रेलिंग तोड़ कार लटकी

### देर रात बड़ा हादसा टला



**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात कछपुरा ब्रिज पर तेज रफ्तार ने एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। रात करीब 1:30 बजे एक अनियंत्रित कार अचानक ब्रिज की सीमेंट रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ब्रिज की मजबूत रेलिंग टूटकर नीचे सड़क पर गिर गई। हादसा उस वक्त हुआ जब नीचे वाली सड़क पर किसी तरह की आवाजाही नहीं थी, वरना दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी। थाना प्रभारी बीडी दिवेदी ने बताया कि देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को दुर्घटना की सूचना मिली। घटनास्थल पहुंचकर की गई प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि तेज रफ्तार कार पहले फुटपाथ से टकराई और फिर सीधा ब्रिज की रेलिंग से जा भिड़ी। टक्कर के बाद रेलिंग का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया, जबकि कार को भी मामूली नुकसान पहुंचा। पुलिस कार चालक की पहचान कर रही है और यह पता लगा रही है कि दुर्घटना लापरवाही, नशे में ड्राइविंग या तेज रफ्तार की वजह से हुई। बताया जा रहा है की रेलिंग टूटकर नीचे सड़क पर गिरी, लेकिन शुक्र है कि उस समय कोई वाहन या राहगीर वहां मौजूद नहीं था। अगर ब्रिज के नीचे ट्रैफिक चल रहा होता या कोई पैदल गुजर रहा होता, तो नुकसान बहुत बड़ा हो सकता था। हादसे के बाद ब्रिज पर मौजूद मलबे को हटाने के लिए नगर निगम और पुलिस टीम ने मिलकर कार्रवाई की।

## वारदात : घटना के बाद बाइक सवार हमलावर फरार

# खितौला में दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या

**जबलपुर।** शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित खितौला थाना क्षेत्र गुरुवार की दोपहर धांय धांय गोलियों की आवाज से दहल उठा। बारीबहु स्टेडियम के पास मोटरसाइकिल से आए हमलावर ने 45 वर्षीय चिंटू ठाकुर को नजदीक से गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल चिंटू को सिहोरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक फायरिंग की आवाज सुनाई दी। लोग जब स्टेडियम के पास पहुंचे तो चिंटू ठाकुर खून से लथपथ सड़क पर गिरा हुआ दिखाई दिया। बताया गया कि हमलावर पहले से घात लगाए बैठा था और उसने बेहद नजदीक से गोली दागी, जिससे बचने का कोई मौका नहीं मिला। गोली मारने के बाद आरोपी उसी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार में भाग निकला।फायरिंग की सूचना मिलते ही खितौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक परीक्षण में ही डॉक्टरों ने चिंटू को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक चिंटू ठाकुर के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह किसी काम से बाजार की ओर जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है। आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली जा रही है, ताकि हमलावर की पहचान हो सके और उसकी फरारी की दिशा का पता लगाया जा सके। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि घटना के पीछे कोई पुराना विवाद या आपसी रंजिश तो नहीं थी।



### मौके पर अफरा-तफरी

गोलीकांड की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दर्जनों लोग मौके पर जमा हो गए। मृतक के परिजनों और परिचितों में चीख-पुकार मच गई, जिससे माहौल शोकाकुल हो गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए क्षेत्र को सील कर दिया और सबूतों की तलाश शुरू की।

### इलाके में सुरक्षा कड़ी

हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। बाजार क्षेत्र में भी लोग दहशत के चलते देर तक दुकानें बंद किए रहे। पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240